卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 353 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦5 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## तृतीय नवरात्र



नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के चन्द्रघंटा स्वरूप की पूजा की जाती है। माता के इस स्वरूप की आराधना में सिद्धकुंजिका स्त्रोतम का पाठ मंगल फलदायी है।

# जसपुर में दिनदहाड़े युवक को गोली से उड़ाया

### बाइक सवार दो हमलावरों ने बहाने से घर से बुलाकर वारदात को दिया अंजाम, पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे

जसपुर (उद संवाददाता)। जसपुर के कलियावाला क्षेत्र में शनिवार को दिनदहाड़े बाइक सवार दो बदमाशों ने एक युवक को घर से बुलाकर गोली मार दी। मौके पर ही युवक की मौत हो गयी। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों हमलावर बाईक पर मौके से फरार हो गये। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना पूरे इलाके में हड़कम्प मचा हुआ है। घटना की वजह सामने नहीं आयी है। प्राप्त





जानकारी के मुताबिक कलियावाला निवासी 40 वर्षीय मंजीत सिंह को शनिवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे बाइक सवार दो अज्ञात लोगों ने यह कहकर घर से बुलाया कि उसके खेत की मिट्टी कोई उठा रहा है। सच्चाई जानने के लिए जब मंजीत सिंह घर से निकला तो खेत पहुंचने से पहले ही बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे से उसकी कनपटी पर गोली मार दी। जिससे मंजीत की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गये। गोली की आवाज सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने सूचना मंजीत के परिवार और पुलिस को दी। सूचना पर जसपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूचना पर एसपी अभय सिंह भी मौके पर पहुंचे उन्होंने घटना की जानकारी ली और पुलिस कर्मियों को हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वारदात की वजह फिलहाल सामने नहीं आयी है, मामला पुरानी रंजिश का माना जा रहा है। बताया जाता है कि (शेष पृष्ठ सात पर)

# धामी सरकार में शिव या पाण्डे बन सकते हैं मंत्री !

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिवाली से पहले जनपद के एक भाजपा विधायक की लॉटरी लगने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक धामी सरकार में जिले के एक



विधायक को मंत्री पद का दायित्व दिया जा सकता है। जिसकी घोषणा दो चार दिनों के भीतर हो सकती है। बता दें धामी सरकार में मंत्री मण्डल की खाली सीटों को भरने की प्रतीक्षा लम्बे समय से की जा रही है। कई बार इसके लिए प्रयास भी हुए लेकिन मामला लटकता गया। सूत्र बताते हैं कि मंत्रमण्डल में नये विधायकों की ताजपोशी के लिए नाम फाईनल हो गये हैं, जिसकी घोषणा दो चार दिन के भीतर हो सकती है। (शेष पृष्ठ सात पर)

# किच्छा में 207 एकड़ सीलिंग भूमि पर कब्जा लेने की कार्रवाई शुरू

### मौके पर भारी पुलिस बल तैनात

किच्छा (उद संवाददाता)। राजस्व विभाग द्वारा किच्छा तहसील क्षेत्र अंतर्गत तीन गांव में सीलिंग की 207 एकड़ भूमि पर कब्जा लिए जाने की कार्यवाही आज शुरू कर दी गई । इस दौरान ग्राम बखपुर की 70 एकड़ तथा ग्राम चाचर की 53 एकड़ भूमि पर कब्जा लिया गया इसके अलावा शेष भूमि पर समाचार लिखे जाने तक कब्जे की कार्यवाही जारी थी। इससे पूर्व उप जिला अधिकारी कोस्तुभ मिश्र द्वारा





जिला अधिकारी उदयराज सिंह की आदेशों के अनुपालन में किच्छा क्षेत्र के विभिन्न गांव में सीलिंग की भूमि पर कब्जा लिए जाने की कार्रवाई की गई। आज प्रातः ही उप जिलाधिकारी कोस्तुभ मिश्र, तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी बहादुर सिंह चौहान, कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में राजस्व की टीम एवं पुलिस फोर्स ने कलकत्ता चौकी पर डेरा डाला। गांव सभी किसानों को चौकी में बुलाकर सरकारी भूमि को खाली करने की आदेश दिए। इसी क्रम में तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी द्वारा सर्वप्रथम ग्राम बखपुर में सीलिंग की भूमि कब्जे में लेने की कार्यवाही शुरू की गई। उप जिलाधिकारी कोस्तुभ मिश्र ने बताया कि वर्ष 1982 में (शेष पृष्ठ सात पर)

# उपश्रमायुक्त कार्यालय में डीएम ने मारा छापा

रूद्रपुर। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने प्रातः 10.35 बजे उप श्रमायुक्त कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया व दो दिन के भीतर वायोमेट्रिक मशीन लगाने के निर्देश दिये। श्री सिंह ने निरीक्षण कि दौरान सभी कार्यालय कक्षों व पटलों का निरीक्षण किया व अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश





दिये। उन्होंने पटल सहायकों के नेम प्लेट लगाने व कार्यालय में साफ-सफाई रखने के साथ ही कार्यालय प्रांगण में खड़े पुराने वाहन को निष्प्रयोज कर निलामी कराने के निर्देश उप श्रमायुक्त को दिये। निरीक्षण के दौरान ओसी कलेक्ट्रेट गौरव पांडेय, उप श्रमायुक्त केके गुप्ता, सहायक श्रमायुक्त अरविन्द सैनी, श्रम पर्वतन अधिकारी बलराम सिंह सहित कार्यालय स्टाफ थे।

# 106 ग्राम स्मैक सहित यूपी के दो तस्कर दबोचे

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद में नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत एएनटीएफ टीम और पुलिस ने चैकिंग के दौरान बाईक सवार दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर दोनों के कब्जे से 106 ग्राम स्मैक समेत नगदी बरामद की गयी। पुलिस ने दोनों के दौरान संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार की रात एएनटीएफ यूनिट प्रभारी राजेश पांडेय और एसआई कौशल भाकुनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे। इसी बीच टीम को सूचना मिली कि ब्लाक रोड पर बिना नंबर की बाईक पर दो संदिग्ध घूम रहे हैं। पुलिस ने ब्लाक





रोड पर पहुंच वाहनों की चैकिंग शुरू कर दी। पुलिस चौकिंग देखी तो बाईक सवार वापस मुड़ने लगे। पुलिस ने शक होने पर दोनों को मय बाईक के दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में बाईक पर सवार दोनों ने अपना नाम गुलड़िया थाना मीरगंज बरेली निवासी अकरम पुत्र अहमद हुसैन और मो.उमर पुत्र अहमद हुसैन बताया। पुलिस को तलाशी में उनके पास से करीब 106 ग्राम स्मैक (शेष पृष्ठ सात पर)

# ‘श्रम कार्यालय’ पर लागू नहीं होती ‘जीरो टॉलरेंस’ की नीति?

**-अर्श-**

### श्रम प्रवर्तन अधिकारी की मेज की दराज में रखे पांच-पांच सौ की नोटों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, वीडियो बनाने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का आनन फानन किया गया स्थानांतरण, संदिग्ध गतिविधियों का केंद्र बना उधम सिंह नगर जिले का श्रम कार्यालय,भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने वाले कर्तव्यधारियों की आंखें बंद

रुद्रपुर। एक अरसे से संदिग्ध गतिविधियों का केंद्र बना उधम सिंह नगर जिले का श्रम कार्यालय, एक वायरल वीडियो को लेकर इन दिनों एक बार फिर, जन चर्चा का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया पर इस दफा वायरल वीडियो श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलराम सिंह के कार्यालय के भीतर का है ,जिसमें एक व्यक्ति कार्यालय के भीतर लगातार चहल कदमी कर रहा है और श्रम प्रवर्तन अधिकारी की सिटिंग टेबल की खुली हुई दराज में पांच-पांच सौ के कुछ नोट रखे दिखाई पड़ रहे हैं। वायरल वीडियो में ऑफिस में चहल कदमी कर रहे व्यक्ति से वीडियो बना रहा व्यक्ति ,जिसकी पहचान चेतन नमक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में हुई है, श्रम प्रवर्तन अधिकारी के दराज में रखे हुए पांच-पांच सौ के नोटों के बारे में तथा उसके (चहल कदमी कर रहे व्यक्ति) के ऑफिस में आने के प्रयोजन के बारे में कई बार पूछता है, लेकिन वह व्यक्ति शुरुआत में तो खामोश बना रहता है पर कई बार पूछने पर अपने ऑफिस आने का प्रयोजन साहब (श्रम प्रवर्तन अधिकारी) से मिलना बताता है। वीडियो के अंत में वीडियो बना रहे व्यक्ति द्वारा चहल कदमी कर रहे व्यक्ति को ऑफिस से बाहर जाने को कहा जाता है और उक्त व्यक्ति श्रम प्रवर्तन अधिकारी के



कक्ष के दरवाजे तक पहुंचता है और संबंधित व्यक्ति के दरवाजे तक पहुंचते ही तकरीबन ढाई मिनट का उपरोक्त वीडियो समाप्त हो जाता है। यद्यपि वायरल वीडियो से यह स्पष्ट नहीं होता की श्रम परिवर्तन अधिकारी के दराज में पैसे किसने रखें और किसके लिए रखे ? तथापि वायरल वीडियो में श्रम प्रवर्तन अधिकारी के कक्ष में एक संदिग्ध व्यक्ति चहल कदमी करता हुआ तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी की सिटिंग टेबल की दराज में रखे हुए पांच-पांच सौ के नोट अवश्य दर्शित होते हैं ,जो कि जिले के श्रम कार्यालय में चल रहे किसी गड़बड़ झाले की ओर एक पुख्ता इशारा करने के लिए पर्याप्त है। ऊपर से वीडियो बनाने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चेतन का आनन फानन ट्रांसफर कर दिया जाना समूचे के मामले को और भी संदिग्ध बना देता है । बावजूद इसके जिला प्रशासन के दायित्व अधिकारियों ने वायरल वीडियो का पर अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया। है ना ,आश्चर्य की बात? कि जिला मुख्यालय के नाक के नीचे एक सरकारी दफ्तर में अधिकारी कि स्टिंग टेबल के दराज में पांच पांच-पांच सौ के कई नोट रखे हुए होने तथा अधिकारी की मेज के सामने एक संदिग्ध व्यक्ति के चहल कदमी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होता है और उधम सिंह नगर जिला प्रशासन को इसमें कुछ भी संदिग्ध नहीं नजर आता। ऐसा लगता है जैसे सूबे के मुखिया पुष्कर सिंह धामी की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति उधम सिंह नगर जिले के (शेष पृष्ठ सात पर)

# स्ट्रीट लाईट के कम्पनी के मैनेजर को तत्काल हटाने के निर्देश

## डीएम वंदना ने जन संवाद शिविर में सुनी वार्डवासियों की समस्यायें: हल्द्वानी शहर में लगभग 1680 फड़ एवं ठेले वालों का सत्यापन कर दिए जायेंगे परिचय पत्र, आठ वैडिंग जोन चिन्हित किये

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम वार्ड संख्या 31 से वार्ड संख्या 40 तक रामलीला मैदान ऊंचापुल हल्द्वानी में आयोजित जन-संवाद एवं जनसमस्या समाधान शिविर मे लगभग 140 लोगों द्वारा विद्युत, सडक, पानी, आयुष्मान कार्ड, पेंशन,स्ट्रीट लाईट,आधार कार्ड तथा राशन कार्ड, अतिक्रमण सम्बन्धित शिकायतें आई। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ मौके पर अधिकांश समस्याओं का त्वरित निदान किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी वंदना ने कहा कि जनसंवाद एवं जनसमस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्या का समाधान मौके पर हो और आमजनता को कार्यालयों में भटकना ना पडे। जनसंवाद शिविर में शहर के फड़-ठेले वालो ने अपनी समस्या से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने कहा शहर में लगभग 1680 फड़/ठेले वाले नगर निगम में रजिस्ट्र्ड है उनके लिए 08 वैडिंग जोन का स्थान शहर में चिन्हित कर दिये है शीघ्र ही शहर के फड़ एवं ठेले वालों को कारोबार करने हेतु स्थान आवंटित किये जायेंगे उन्होंने कहा सभी फड़ एवं ठेले वालों का सत्यापन के साथ ही परिचय पत्र भी निर्गत किये जायेंगे। जनसंवाद शिविर में मुख्यत: नगर निगम के सभी वार्डो की स्ट्रीट लाईट खराब होने के सम्बन्ध में शिकायत आई जिस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और तत्काल स्ट्रीट लाईट के कम्पनी के मैनेजर को हटाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा स्वयं सेंट्रलाइज्ड टोल-फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराई गई। टोल फ्री नम्बर का रिस्पॉन्स संतोषजनक न होने पर नगर आयुक्त को नगर निगम में डेडीकेटेड कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। कंट्रोल रूम में नगर निगम का कार्मिक लगाया जाए जो आवाम की शिकायत का अंकन कर सम्बन्धित कम्पनी के कर्मचारी को मरम्मत हेतु सुनिश्चित स्थान पर भेज सके। जनसंवाद कार्यक्रम में अधिकांश शिकायतें राजस्व विभाग से सम्बन्धित आई जिनका समाधान उपजिलाधिकारी एवं तहसील स्तर पर होना था जो नही हो पाया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित जनपद के सभी उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देश दिये कि राजस्व विभाग की छोटी-छोटी समस्या का अपने स्तर पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये और कहा कि समस्या का समाधान होने पर सम्बन्धित शिकायकर्ता को सूचना देना भी सुनिश्चित करें। शिविर में देवाश्रय कालोनी वासियों द्वारा बताया गया कि कालोनी मे पानी बहुत कम आता है यह समस्या लगभग दो वर्षो से है। जिस पर जिलाधिकारी ने जलसंस्थान के जेई को सर्वे कर एक सप्ताह के भीतर समाधान करने के निर्देश दिये। हेमंत डूगराकोटी ने बताया कि वार्ड नम्बर- 40 मधुबन कालोनी मे सडक पेचवर्क का कार्य कुछ माह पूर्व किया गया था लेकिन गुणवत्ता युक्त कार्य नही होने से सडक पर गडडे हो गये है। जिलाधिकारी ने नगर निगम के जेई को शीघ्र सडक की गुणवत्ता की जांच एवं पेचवर्क कराने के निर्देश मौके पर दिये। रामकृष्ण ने कहा कि सिचाई गूल में अतिक्रमण हो जाने से उन्हे सिचाई के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिचाई एवं राजस्व विभाग के अधिकारियो को सिचाई गूल से अतिक्रमण हटाने हेतु संयुक्त सर्वे करने के निर्देश मौके पर दिये। जनसंवाद शिविर में हेमंत बगडवाल ने स्ट्रीट लाईट खराब होने,नगर निगम के कूडा वाहनों को ढकने,बस स्टेशन एवं रिंग रोड की समस्या से अवगत कराया,प्रमोद पंत ने ऊंचापुल ट्यूबवैल से पानी की सप्लाई कम होने, कार्तिकेय कालोनी वासियों ने कालोनी मार्ग पर लोगों द्वार गन्दगी फैलाने, मनोज कुमार प्रजापति ने दमुवाढूगा जवाहर ज्योति में विद्युत पोल शिफ्ट कराने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने अधिकांश जन शिकायतो का समाधान मौके पर किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। वही स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगो का स्वास्थ्य जांच कर औषधियां वितरित की गई। जनसंवाद शिविर में विधायक बंशीधर भगत, निवर्तमान मेयर डा0 जोगेन्दर पाल सिंह रौतेला,पार्षद चन्द्र प्रकाश,मनोज जोशी,बीडी जोशी, प्रकाश पंत के साथ ही जीवन सिंह कार्की, हेमंत बगडवाल व नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सिटी मजिस्टेट एपी बाजपेयी, उपजिलाधिकारी पारितोष वर्मा, उप नगर आयुक्त तुषार सैनी सहित नगरवासी उपस्थित थे।





# नौगांव में बरातियों को लेकर लौट रही जीप खाई में गिरी, तीन की मौत, दस लोग घायल

कोटद्वार। उत्तराखंड के कोटद्वार में शुक्रवार शाम को दर्दनाक हादसा हो गया। लैंसडौन तहसील क्षेत्र में बरातियों से भरी जीप 200 फुट गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 गंभीर रूप से घायल हो गए। वाहन में चालक समेत कुल 15 लोग सवार थे। राजस्व उपनिरीक्षक रंजन बिष्ट और रजिस्ट्रार कानूनगो जयकृष्ण भट्ट ने बताया कि गुनियाल गांव निवासी रोहित गुसाईं की शुक्रवार को शादी थी। बसड़ा गांव से शाम को दुल्हन की विदाई हुई। इसी दौरान बरातियों से भरी मैक्स जीप सिसल्डी-सिलवाड़ मोटर मार्ग पर नौगांव के पास खाई में जा गिरी। सूचना पर लैंसडौन की एसडीएम शालिनी मौर्य, पुलिस व एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई। घायलों को निकालने में स्थानीय छात्रों ने भी सहयोग किया। हादसे में तीन बरातियों मुकेश सिंह (35) निवासी गुनियाल, दुल्हे की मौसेरी बहन नूतन (35), धीरज सिंह (65) निवासी गुनियाल की मौत हो गई। जबकि 10 लोग घायल हैं। उन्हें उपचार के लिए बेस अस्पताल कोटद्वार



में भर्ती कराया गया है। वाहन में सवार दोनों बच्चे सुरक्षित हैं। लैंसडौन विधायक दिलीप रावत अस्पताल पहुंच समुचित उपचार के निर्देश दिए। घायलों ने बताया कि वाहन चालक शार्टकट रास्ते से गांव लौट रहा था कच्ची सड़क के कारण हादसा हो गया। चर्चा यह भी थी कि चालक ने हादसे से पहले किसी दूसरे व्यक्ति को वाहन चलाने के लिए दे दिया था। जयहरीखाल के जिला पंचायत सदस्य सर्वेश कुकरेती ने बताया कि शाम को जैसे ही जीप के खाई में गिरने की खबर आई। वैसे ही लोग घटनास्थल की ओर दौड़ने लगे। जैसे- तैसे खाई में उतरकर एसडीआरएफ, पुलिस ने घायलों और मृतकों को निकाला। दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत और घायलों की चीख पुकार से पूरे क्षेत्र में मातम पसर गया। निजी वाहनों और 108 के जरिए घायलों को लेकर बेस अस्पताल पहुंचे परिजनों ने मौके पर जमकर हंगामा किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी और लैंसडौन के विधायक दिलीप रावत भी अस्पताल में मौजूद थे।

# चौखंबा आरोहण के लिए गई दो विदेशी महिला पर्यटक लापता, खोजबीन में जुटी एसडीआरएफ और वायुसेना

चमोली। उत्तराखंड के चमोली में चौखंबा-थ्री ट्रैकिंग पर गई दो विदेशी महिला पर्यटक वहां फंस गईं। शुक्रवार को वायु सेना के दो हेलीकॉप्टरों ने क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया, लेकिन उनकी लोकेशन नहीं मिल पाई। वन विभाग ने एसडीआरएफ से हेलीकॉप्टर भेजकर सर्च अभियान चलाने के लिए मदद मांगी है, जबकि जिला प्रशासन के अनुरोध पर एनडीआरएफ की टीम भी सर्च अभियान के लिए देहरादून से रवाना हो गई है। शनिवार को दोनों विदेशी पर्यटकों की ढूंढखोज की जाएगी। 6995 मीटर की ऊंचाई पर स्थित चौखंबा पर्वत-थ्री के आरोहण के लिए ब्रिटिश नागरिक फायजने मान्नेरस (27) व यूएसए नागरिक मिचेल थेरेसा देवोरोक (23) इंडियन काउंट ट्रेनिंग एसोसिएशन से अनुमति लेकर चौखंबा ट्रैकिंग पर गए थे। उनके पास 11 सितंबर से 18 अक्तूबर तक की अनुमति है। तीन अक्तूबर शाम को चौखंबा पर चढ़ाई के दौरान उनका सामान व अन्य उपकरण बैग सहित खाई में गिर गए।



जिससे वे बर्फ से ढके चौखंबा पर्वत पर फंस गए। महिला पर्यटकों ने पेजर से अपनी एंबेसी से संपर्क किया। जिसके बाद चमोली जिला प्रशासन ने वायुसेना से सर्च अभियान चलाने का अनुरोध किया। शुक्रवार सुबह वायुसेना के दो चेतक हेलीकॉप्टरों ने सरसावा (सहारनपुर) एयरबेस से उड़ान भरी और बदरीनाथ से लगी चौखंबा-थ्री चोटी पर सर्च अभियान चलाया। काफी खोजबीन के बाद भी लापता पर्यटकों का पता नहीं चल पाया है। जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम को विदेशी पर्यटकों के चौखंबा में फंसने की सूचना मिली थी। जिस पर शुक्रवार सुबह वायुसेना से सर्च अभियान के लिए अनुरोध किया गया। वायु सेना के दो हेलीकॉप्टरों ने सर्च अभियान चलाया। लेकिन कामयाबी नहीं मिली। अब एनडीआरएफ देहरादून के कमांडेंट को सर्च अभियान के लिए पत्र लिखा गया। एनडीआरएफ की टीम देहरादून से चमोली के लिए रवाना हो गई है। शनिवार को फंसे पर्यटकों को निकालने का प्रयास किया जाएगा।

# ठेकेदार संघ ने किया हड़ताल वापस लेने का ऐलान

## शासन ने देवभूमि ठेकेदार कल्याण समिति उत्तराखण्ड के साथ बैठक में कई मांगों पर निकाला समाधान

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार शुक्रवार को सचिव, मुख्यमंत्री एवं गढ़वाल आयुक्त डॉ. विनय शंकर पांडेय की अध्यक्षता में देवभूमि ठेकेदार कल्याण समिति उत्तराखण्ड के



साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग के विभिन्न अधिकारियों ने भी भाग लिया। बैठक में समिति द्वारा प्रस्तुत 11 बिंदुओं के मांगपत्र पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके अलावा ठेकेदार संघ द्वारा बैठक के दौरान एक अतिरिक्त बिंदु भी सम्मिलित किया गया, जिसमें कुल 15 बिंदुओं पर निर्णय लिए गए। इसके बाद ठेकेदार संघ ने अपनी हड़ताल वापस लेने का ऐलान किया है। मुख्य बिंदुओं पर लिए गए निर्णय निम्नलिखित हैं: 1. निविदाओं का आकार: ठेकेदार संघ की मांग के अनुसार, छोटे ठेकेदारों को अधिक कार्य प्राप्त हो सके, इसके लिए फेज 1 और 2 के कार्यों को छोटे हिस्सों में विभाजित करने पर विचार किया जाएगा। इसके साथ ही डामरीकरण के कार्यों को भी विभाजित कर निविदा आमंत्रित की जाएगी।2 निविदा की सीमा: संघ द्वारा सिंगल बिड की सीमा 1.5 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ किए जाने की मांग पर सहमति व्यक्त की गई। छ5 करोड़ से अधिक के कार्यों पर नीतिगत निर्णय लिया जाएगा। 3. पी.सी. कार्य: वनटाइम मेटिनेंस के तहत पी.सी. कार्य पेवर से तभी किए जाएंगे जब जी-3 का कार्य भी सम्मिलित होगा। 4लंबित भुगतान: आपदा एवं अनुरक्षण मद के अंतर्गत लंबित भुगतानों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा। सिक्योरिटी डिपॉजिट के लंबित मामलों के निस्तारण के लिए गठित समिति की संस्तुतियों के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। 5. पंजीकरण प्रक्रिया: पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए ठेकेदार संघ की मांगों पर सकारात्मक विचार किया जाएगा। स्थायी टेक्निकल स्टाफ की अनिवार्यता समाप्त करने पर भी विचार किया जाएगा। 6. समयावृद्धि एवं भुगतान प्रक्रिया: ठेकेदारों की मांग के अनुसार समयावृद्धि, वेरीयेशन एवं एक्स्ट्रा आईटम की प्रक्रिया पर अन्य संबंधित विभागों से चर्चा के उपरांत निर्णय लिया जाएगा। 7खनन सामग्री पर रॉयल्टी: ठेकेदारों को खनन विभाग से उचित प्रतिपूर्ति के लिए प्रावधान किए जाएंगे। 8 अनुभव की सीमा: ठेकेदारों के अनुभव की सीमा को 5 वर्ष से बढ़ाकर 1015 वर्ष करने पर विचार किया जाएगा। 9 आपदा कार्यों में बीमा कवरेज: आपदा कार्यों में लगी मशीनरी एवं श्रमिकों को बीमा कवरेज देने पर सहमति व्यक्त की गई है।10 ठेकेदारों के लिए बैठने की व्यवस्था: प्रत्येक कार्यदायी खंड मेंठेकेदारों के बैठने हेतु स्थान चिन्हित किया जाएगा।11निविदा नियमावली: शासनादेश लागू होने के बाद निविदा बिलों में उक्त नियमावली को लागू करने पर सहमति बनी।

# मारपीट के मामले में फरार फ्लोर मिल के स्वामी और पुत्र ने किया आत्मसमर्पण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लेन देन के विवाद में खटीमा के एक व्यवसायी के साथ अपनी मिल पर बुरी तरह मारपीट करने के आरोपी द्वारिका फ्लोर मिल के स्वामी बलराम अग्रवाल और उनके पुत्र अमन अग्रवाल ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है जहां से उन्हें जमानत दे दी गई है। बता दें 27 सितम्बर को खटीमा के भूड महोलिया निवासी व्यवसायी कार्तिक अग्रवाल के साथ लालपुर स्थित द्वारिका फ्लोर मिल के स्वामी बलराम अग्रवाल और उनके पुत्र अमन अग्रवाल की कहासुनी हो गयी थी जिसके बाद पिता-पुत्र और उनके कर्मचारियों ने कार्तिक अग्रवाल को लाठी डण्डों और बेल्ट से बुरी तरह पीट दिया था। पूरी घटना सीसी टीवी कैमरे में भी कैद हुई थी। मामले में पीड़ित कार्तिक अग्रवाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि उनका द्वारिका फ्लोर मिल से पैसों का लेन देन था। वह 27 सितम्बर को वह मिल में पैसे लेने आये थे। आरोप है कि मिल के ऑफिस में बलराम अग्रवाल और उनके पुत्र अमन अग्रवाल ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। दोनों पिता पुत्र उसे पीटते हुए ऑफिस से बाहर ले आये जहां पिता पुत्र ओर उनके कर्मचारियों ने भी मारपीट की और गाड़ी में आग लगाने की भी धमकी दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी के फ्लोर मिल में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर को कब्जे में ले लिया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ही आरोपी पिता पुत्र फरार हो गये थे। पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के लिए कई जगह दबिश भी दी। लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं लगे। बताया जाता है कि पिता पुत्र ने कोर्ट में आत्म समर्पण कर दिया है जहां से पिता पुत्र को न्यायालय द्वारा जमानत दे दी गई है। बताया जाता है कि फ्लोर मिल मालिक का पूर्व में भी कई लोगों के साथ लेन देन को लेकर विवाद हो चुका है।

# श्री राम को हुआ वनवास, केवट ने लगाया गंगा पार





रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के छठे दिन लीला का शुभारंभ भा ज पा ओ बी सी मोर्चा के उपाध्यक्ष उपेंद्र चौधरी एवं राइस मिलर्स असोसियशन के कोषाध्यक्ष पंकज बांगा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपेंद्र चौध री ने राम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा की हमें राम जी के आदर्शों का पालन करना चाहिए और अपने जीवन को उत्तम बनाना चाहिए, उन्होने श्री शिव नाटक क्लब को इस भव्य आयोजन पर अपनी शुभकामनायें प्रेषित की। पंकज बांगा ने प्रभु चर्चा करते हुए कहा कि श्री शिव नाटक क्लब का आयोजन बहुत भव्य होता है और राम जी की लीला का मंचन मर्यादा में रहकर किया जाता है,उन्होने बताया कि हम प्रभु श्री राम जी के आदर्शों को अपने जीवन मे आत्मसात कर जीवन को उत्तम बना सकते हैं। श्री शिव नाटक क्लब के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों को पटका पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया,स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया । रामलीला के मंचन में राम वनवास, दशरथ से विदाई,राजा गुहु से भेंट, राम सुमंत संवाद एवं केवट द्वारा प्रभु श्री राम को गंगा पार लगाने तक की लीला का मंचन किया गया जिसमे राम की भूमिका गौरव अरोरा,लक्ष्मण रवि कक्कड़,सीता नैतिक तनेजा, कौशल्या सन्नी घई,सुमित्रा अभिनव अनेजा,दशरथ नरेश घई,कैकई भारत हुड़िया,सुमंत विशाल गुंबर, गुहु हिमांशु पारिक एवं केवट की भूमिका सागर अरोरा द्वारा की गई, मंच संचालन जॉली कक्कड़ द्वारा किया गया। श्री शिव नाटक क्लब के अध्यक्ष जगदीश सुखीजा ने सभी राम भक्तों से श्री रामलीला के मंचन को देखने हेतु अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया है।

## सत्यापन अभियान में बांग्लादेशी दंपती को किया गिरफ्तार



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सत्यापन अभियान के दौरान पुलिस ने गौजाजाली बिचली क्षेत्र में रिश्तेदार के घर पर अवैध रूप से ठहरे बांग्लादेशी दंपती को गिरफ्तार कर लिया। जो बेटी के उपचार के लिए सितंबर 2023 में मेडिकल वीजा पर भारत आए थे। जिनके वीजा की अवधि इस वर्ष फरवरी में खत्म हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि जुलाई में हल्द्वानी में उपचार के दौरान इनकी कैंसर पीड़ित बेटी की भी मौत हो गई थी। पुलिस ने दंपती के विरुद्ध विदेशी अधिनियम के तहत बिना वैध वीजा के भारत में रुकने की प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर में पुलिस ने सभी आबादी क्षेत्रों में सत्यापन अभियान चला रखा है। तीन अक्टूबर को मंडी चौकी इंचार्ज भुवन सिंह राणा पुलिस कर्मियों के साथ गौजाजाली बिचली क्षेत्र में सत्यापन कर रहे थे। इस दौरान मुन्नालाल के घर में दंपती मिला। जिन्होंने अपना नाम नारायण विश्वास व गौरी विश्वास बताया। जो मूल रूप से कचुवा अभय नगर सिरधौरपुर जसौर (बांग्लादेश) के रहने वाले हैं। मुन्नालाल इनका रिश्तेदार है। बांग्लादेशी नागरिक होने की वजह से जानकारी मिलने पर खुफिया एजेंसी भी पूछताछ को पहुंच गई। जांच में पता चला कि नारायण और गौरी अपनी बेटी काकोली के उपचार के लिए गत दस सितंबर 2023 को बंगाल के हरिदासुपर इमिग्रेशन चेक पोस्ट से मेडिकल वीजा के आधार पर भारत आए थे।मेडिकल वीजा तमिलनाडु स्थित क्रिश्चियन मेडिकल कालेज के लिए जारी हुआ था। जहां 13 से 25 सितंबर तक चली जांचों के आधार पर पता चला कि काकोली को गले का कैंसर है। इसके बाद 21 नवंबर को तीनों गौजाजली बिचली में रिश्तेदार मुन्नालाल के घर पहुंच गए। पूछताछ में पता चला कि गौरी की बहन शोभा का विवाह 1997 में मुन्नालाल से हुआ था। यहां रहकर दंपती अपनी बेटी का सुशीला तिवारी अस्पताल में उपचार कराने लगे। जुलाई 2024 में काकोरी का निधन हो गया। बेटी की मौत के बाद पति-पत्नी आइटीआइ तिराहे के पास सब्जी का ठेला लगाकर जीवन यापन करने लगे। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि बिना वैध वीजा के रहने के आधार पर दंपती को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 14 विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया।

## सारथी फाउंडेशन ने तुलसी के पौधें बांटे

रूद्रपुर। श्री रामलीला मंचन के दौरान प्रत्येक दिन सारथी फाउंडेशन के कार्यकर्ता सभी अतिथियों को तुलसी के पौधें बांटकर पर्यावरण की रक्षा करनें का संदेश भी देते हैं। जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण और ध्वनि तीनों ही हमारे व डमारे फूल जैसे बच्चों स्वास्थ्य को चौपट कर रहे हैं। ऋतुचक्र का परिवर्तन,



कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा का बढ़ता हिमखंड को पिघला रहा है। सुनामी, बाढ़. सूखा, अतिवृष्टि या अनावृष्टि जैसे दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं, जिन्हें देखते हुए अपने बेडतर कल के लिए पौधों का वितरण किया जा रहा है।सारथी फांउडेशन के अध्यक्ष सचिन आनन्द, अमित कुमार, अनिल सिंघल, सुमित आन्नद, सुमित मुंजाल शालिनी शर्मा पाण्डेय का इस कार्य में विशेष योगदान रहता है।

## चंदन लकड़ी सहित तस्कर गिरफ्तार



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। चंदन के पेड़ की तस्करी कर असल जिंदगी में पुष्पा बनने की ख्वाहिश ने एक व्यक्ति को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। मिली जानकारी के अनुसार 1 अक्तूबरको हरीश चन्द्र बेलवाल पुत्र स्व. घनानन्द बेलवाल निवासी ग्राम बानना थाना भीमताल ने रपट दर्ज कराई कि अज्ञात चोर द्वारा उनके फर्नीचर मार्ट कालाढुंगी रोड स्थित कम्पस से चन्दन के पेड को काटकर चन्दन की लकडी चोरी कर ली गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना उनि विजय कुमार के सुपुर्द की।अज्ञात चोर की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गयी। टीम द्वारा एक युवक को जलालशाह की मजार के पीछे खाली मैदान में रेल की पटरी के पास संदिग्ध रूप से बैठा देखा। संदेह होने पर घेराबंदी कर उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता अलीबाग उर्फ समीर उर्फ चब्बनी पुत्र अनुक्ष उर्फ कुन्टल निवासी ग्राम हरदुआ थाना रीठी जिला कटनी मध्य प्रदेश बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से चोरी गये चन्दन के पेड के 2 गिलटे व 1 लकडी का टुकडा बरामद हुआ। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस टीम में उनि विजय कुमार चौकी प्रभारी हीरानगर व कानि. ललित नाथ शामिल थे।

## नाबालिग के अपहरण के आरोपी को चार साल का कठोर कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बदनियती से नाबालिग लड़की का अपहरण करने वाले को पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने 4 वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी ।विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने बताया कि सितारगंज थाने में एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10-11-2022 को उसकी 10 वर्षीय नाबालिग पुत्री बुआ के घर गई थी।शाम को जब लड़की घर वापिस आ रही थी तो रास्ते में खड़े ग्राम पडरी थाना सितारगंज निवासी हरचरन सिंह उर्फ चन्नी पुत्र सरदूल सिंह ने बदनियति से उसका अपहरण कर लिया और उसका मुँह दबाकर निकटतम स्कूल में ले गया । इधर एक घंटे से परिजन लड़की को ढूँढ रहे थे जैसे ही वह लोग स्कूल के पास पहुँचे तो उनकी भाभी ने चन्नी को स्कूल से निकल कर भागते देखा,उन्होंने अन्दर जाकर देखा तो पुत्री को एक कोने में खड़ी रोते देखा जिसने पूछने पर बताया कि उसके शोर मचाने पर आरोपी डर कर भाग गया । पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अगले ही दिन आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जिसके विरुद्ध पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ की कोर्ट में मुकदमा चला जिसमें विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने 6 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद आज शुक्रवार को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने आरोपी को धारा 363 आईपीसी के तहत तीन वर्ष के कठोर कारावास और पाँच हजार रुपये जुर्माने की,धारा 366 आईपीसी के तहत चार वर्ष के कठोर कारावास और दस हजार रुपये जुर्माने की तथा धारा 16/17 पॉस्को एक्ट के तहत तीन वर्ष के कठोर कारावास और पाँच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी साथ ही कहा कि जुर्माने की धनराशि में से पन्द्रह हजार रुपये पीड़िता को प्रतिकर के रूप में दिये जायें।

# चलत रामु लखि अवध अनाथा, बिकल लोग सब लागे साथा





हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन श्री रामलीला मैदान में गत दिवस भगवान राम के राज्याभिषेक की घोषणा, दशरथ केकई संवाद, श्री राम वन गमन की लीला का सुंदर मंचन व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री द्वारा सुंदर चौपाइयां गाकर कराया गया। पूरी अयोध्या नगरी में भगवान राम के विवाह के पश्चात खुशी का माहौल था और इसी खुशी के मध्य महाराजा दशरथ ने गुरु वशिष्ट जी, सुमंत जी और अपने मंत्रिमंडल से मंत्रणा करके भगवान राम के राज्याभिषेक की इच्छा व्यक्त की। जिसे सुनकर महारानी कैकई ने पूर्व में दिए गए दो वचनों की याद महाराज दशरथ को कराई और उन वचन को मांगने के लिए उन्होंने महाराज दशरथ से इच्छा जाहिर की महाराजा दशरथ ने सहर्ष उनको दिए गए वचनों को मांगने का उत्तर दिया । जिस पर महारानी कैकई ने श्री राम के लिए 14 वर्ष का वनवास और अपने पुत्र भरत के लिए राजगद्दी की इच्छा व्यक्त की, जिसे सुनकर महाराजा दशरथ व्यथित हो गए, पर कैकई कोप भवन में जाकर बैठ गई और अपनी वचनों को पूरा करने के लिए जिद करने लगी। जब भगवान श्री राम को अपनी माता की इच्छा का पता लगा तो उनके पास जा कर उनको प्रणाम करके कहते हैं कि माता मैं आपकी इच्छानुसार वन को प्रस्थान करता हूं। उसके पश्चात वे अपने पिता महाराज दशरथ के पास जाते हैं उन्हें प्रणाम करके वन गमन की आज्ञा मांगते हैं । जब रानी सीता को इस बात का पता चलता है तो वह और छोटे भाई लक्ष्मण जी भी भगवान श्री राम के साथ वन गमन को चल देते हैं। पूरी अयोध्या में शोक व्याप्त हो जाता है और अयोध्यावासी अपने आप को अनाथ महसूस करने लगते हैं तथा व्याकुल और व्यथित अयोध्या वासी भगवान श्री राम पीछे पीछे वन को चल देते हैं।इस पर भगवान श्री राम सरयू तट पर रात्रि विश्राम के दौरान उन्हें सोता हुआ छोड़कर आगे बढ़ जाते हैं। जिस अयोध्या नगरी में राज्याभिषेक की तैयारी चल रही थी वहां श्री राम के वन गमन से शोक व्याप्त हो जाता है। रामलीला संचालन समिति सदस्य भवानी शंकर नीरज ने बताया कि रात्रि लीला में श्री राम जन्म विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध की लीला का मंचन श्री राधा रसिक बिहारी लीला संस्थान वृंदावन की मंडली द्वारा किया जायेगा। संचालन समिति से विवेक कश्यप, मनोज गुप्ता, अतुल अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, हितेश पांडे, सौरभ अग्रवाल , अमित जोशी, अरुण अग्रवाल, तनुज गुप्ता ने अतिथियों का पटका पहना कर स्वागत किया। व्यास मंच पर तरंग अग्रवाल प्रदीप जनौटी ने व्यवस्था संभाली। रामलीला मैदान में कई संस्थाओं ने सहयोग किया जिसमे अनमोल संकल्प की अध्यक्ष सुचित्रा जायसवाल इनरव्हील क्लब, ममता करुणा सहयोग समिति की अध्यक्ष नीरजा बोरा, सखी सहेली ग्रुप सुमन वार्ष्णेय जायसवाल महिला समिति से खुशबू जायसवाल , सौहार्द जन सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती विधा महतोलिया आदि रही। रामलीला संचालन में रीतेश जोशी, अतुल जायसवाल, कपिल अग्रहरी, रोहित ठाकुर, नीरज रावत, आयुष साहू, नब्बु, प्रिंस गुप्ता तथा तनिष्क आदि ने सहयोग किया। गणमान्य नागरिकों में बार एसोसिएशन अध्यक्ष किशोर पंत, सचिव मोहन बिष्ट ,योगेश लोहनी , किशोर जोशी आदि रहे।

## हे रानी तू मेरा मस्तक माँग ले, मैं तुझे अभी दे दूँ..पर राम के विरह में मुझे मत मार..!

# राजा राम को चौदह वर्ष का वनवास

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर की मुख्य रामलीला में पांचवी रात्रि राजा दशरथ द्वारा राजकुमार राम के राजतिलक की घोषणा करना, मंथरा द्वारा कैकयी को भड़काना, कैकयी कोप भवन, दशरथ द्वारा कैकयी की मनुहार, कैकयी द्वारा दो वरदमाँगना एवं राम का वना को जानें की लीला का मार्मिक व जीवंत लीला का मंचन हुआ। पंचम रात्रि की रामलीला का उद्घाटन मुख्य अतिथि एलायंस कालोनी के अध्यक्ष राजकुमार मुंजाल, वरिष्ठ समाजसेवी हरीश जल्होत्रा, अनिल नागपाल, सुखदेव भल्ला ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। रामलीला कमेटी ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मनित किया। लीला में राम विवाह के बाद राम बारात अयोध्या नगरी में लौट आती है। हर तरफ खुशियों का माहौल था। राजा दशरथ अपने मंत्रियों से कहते है कि वृद्धावस्था के कारण मुझसे अब राजपाट नहीं संभाला जाता। मंत्रियों द्वारा यह सलाह दी जाती है कि बड़े राजकुमार राम ही अयोध्या के नये नरेश होनें चाहिये। राजा अपने गुरुआ से सलाह लेते है तो अगले दिन का ही मुहुर्त होता है। राजा राजकुमार राम को अयोध्या का राजपाट देने की घोषणा कर देते हैं। यह बात जब रानी कैकेयी की मुंहलगी दासी मंथरा सुनती है तो वह कैकेयी को भड़का कर कोप भवन भेज देती है। राजा दशरथ उनको मनाने कोप भवन जाकर कहत हैं कि हे रानी! किसलिए रूठी हो? यह कहकर राजा उसे हाथ से स्पर्श करते हैं, तो वह उनके हाथ को हटा देती है और ऐसे देखती है मानो क्रोध में भरी हुई नागिन क्रूर दृष्टि से देख रही हो। रानी कहती है कि उसे दो वर चाहिये, तो राजा दशरथ राम की सौगंध खाकर कहते हैं कि मांग रानी, वर मांग। कैकेयी पहले वचन में भरत के लिये अयोध्या का राजपाट व दूसरे वर में राम को चौदह बरसों का वनवास मांगती है। राजा सहम गए, उनसे कुछ कहते न बना। मानो बाज वन में बटेर पर झपटा हो। राजा का रंग बिलकुल उड़ गया, मानो ताड़ के पेड़ को बिजली ने मारा हो। दशरथ कैकयी के पैरो में पड़कर कहते है कि हे रानी, तू मेरा मस्तक माँग ले, मैं तुझे अभी दे दूँ। पर राम के विरह में मुझे मत मार। जिस किसी प्रकार से हो तू राम को रख ले। नहीं तो मेरे तो प्राण जायेगें ही, लेकिन जन्मभर तेरी भी छाती जलेगी। अपनी परंपराओं से बंधे राजा कैकयी को बहुत समझाने में जब असफल होते हैं तो आखिरकार दोनो वचनों को मानने की घोषणा करते हैं। मंत्री सुमन्त राम को बुला लाते हैं, दशरथ रोते-रोते राम को बनवास का आदेश देते है। राम तनिक भी व्याकुल नहीं होते। वह पिताजी को बहुत शांत स्वभाव से मंद मंद मुस्कुराते हुये जो आज्ञा पिताजी कहते है। रानी कैकयी से बहुत ही प्रेमपूर्वक और आदरपूर्वक प्रणाम करते है। राजकुमार लक्ष्मण व सीताजी भी उनके साथ जाने का प्रण करते हैं तो तीनों रानी कौशल्या के पास जाते है और पुन: वनवासी वस्त्रों में राजा दशरथ के पास विदा लेने जाते है। राजा दशरथ तड़पते ही राम, मेरे लाडले राम कहते कहते बेहोश हो जाते हैं। पर्दा गिर जाता है। राम की भूमिका में मनोज अरोरा, सीता की भूमिका में दीपक अग्रवाल, लक्ष्मण की भूमिका में गौरव जग्ग शत्रुधन अभिरुद्ध. भरत जी गणेश भगवान की भूमिका में आशीष ग्रोवर, मंथरा की भूमिका में राजेन्द्र छाबड़ा, कैकयी की भूमिका में नरेश छाबडा, राजा दशरथ की भूमिका में प्रेम खुराना ने शानदार अभिनय कर उपस्थित हजारो जनता का मन मोह लिया।इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष नरेश शर्मा, सुभाष खंडेलवाल, ओमप्रकाश अरोरा, महावीर आजाद, हरीश धीर, अमित अरोरा बोबी, राकेश सुखीजा, अशोक गगनेजा, रामनाटक क्लब के महामंत्री आशीष ग्रोवर आशू, गुरशरण बब्बर शरणी, गौरव तनेजा संजीव आनन्द, गौरव बेहड़, सचिन आनन्द, विजय विरमानी, अमित चावला, सचिन तनेजा, आदि सहित हजारो दर्शक मौजूद थे। मंच संचालन बरिष्ठ समाजसेवी हरीश धीर एवं मंच सचिव विजय जग्गा ने किया।





## प्रेम खुराना, नरेश और संजीव आनंद के अभिनय पर खूब बजी तालियां

रूद्रपुर। शुक्रवार को रामलीला में राजा दशरथ, रानी केकई और मंथरा के दृश्य ने पूरे जन समूह को तालियां बजाने पर विवश कर दिया । राजा दशरथ के रूप में विगत 32 वर्ष से सेवा कर रहे प्रेम खुराना बताते हैं कि यह दृश्य रामलीला को एक नए मोड़ पर ले जाता है। रंग कर्मी नरेश छाबड़ा बताते हैं कि उन्हें 20 वर्ष से कैकई का रोल कर रहे हैं। दरअसल के केकई तो राम को बहुत प्यार करती है लेकिन होनी बहुत बलवान है और वह कुटिल मंथरा की बातों में आ जाती है। इस पूरे रोल में क्रोध, पति की अवमानना सहित बहुत से ऐसे मौके होते हैं जहां पर उन्हें अपनी कला दिखाने का अवसर मिलता है। संजीव आनंद जो कि मंथरा का रोल निभा रहे हैं उनका यह कहना है कि श्री रामलीला मंचन में सेवा करके जो खुशी और आनंद की अनुभूति होती है, उसको वह बयान नहीं कर सकते और जब तक उनकी सांस है वह श्री राम जी के चरणों में जो भी सेवा उनसे हो सके, वह करते रहेंगे।








# रुद्रपुर में धूमधाम से निकाली श्री राम बारात

## राम बारात का पांच मंदिर और एलायंस कॉलोनी में हुआ भव्य स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता) मुख्य रामलीला में शुक्रवार को प्रभु श्री रामचंद्र जी की बारात धूमधाम से निकाली गयी। श्री रामलीला मंच से श्री राम जी की भव्य बारात निकाली गई, जिसमें सबसे आगे गुरु विश्वामित्र गुरु वशिष्ठ जी की झांकी के बाद घुड़सवार प्रभु श्री रामचंद्र जी का बहुत ही सुंदर स्वरूप के दर्शन हुए । प्रभु श्री रामचंद्र जी के साथ-साथ लक्ष्मण जी, भरत जी व शत्रुघ्न जी भी घोड़े पर सवार थे और इसके बाद ब्रह्मा विष्णु महेश जी की झांकियां थी। श्री रामलीला कमेटी एवम श्री राम नाटक क्लब के सभी पदाधिकारी व सदस्य गण आम जनता के साथ बाराती बने नाचते, घूमते गाते हुए ढोल नगाड़ों की थाप पर श्रीराम लीला मंच से निकले और नगर के प्रमुख मार्गो से होते-होते पांच मंदिर पहुंचे जहां पर सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर के नेतृत्व में राम बारात का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद राम बारात एलाइंस कॉलोनी पहुंची जहां पर एलाइंस समिति के द्वारा प्रभु श्री रामचंद्र जी की बारात का भव्य स्वागत किया गया। एलाइंस के सामुदायिक भवन को जनकपुरी के रूप में सजाया गया था। प्रभु श्री रामचंद्र जी और सीता माता का पाणिग्रहण समारोह धूमधाम से सम्पन्न हुआ। यहां पर ढोल नगाड़ों के साथ मंगल गीत गाए गये। सुंदर दृश्य के बीच सभी स्वरूपों का स्वागत किया गया और रात्रि भोजन के बाद श्री राम बारात का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान श्री रामलीला कमेटी के संरक्षक विधायक तिलक राज बेहड़, रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, अध्यक्ष पवन अग्रवाल, अध्यक्ष राजकुमार मुंजाल, विजय अरोड़ा, नरेश शर्मा, अमित गंभीर, सुशील गाबा, श्री सनातन धर्म युवा मंच के संरक्षक राकेश सुखीजा, हरीश जलहोत्रा, हरनाम चौधरी, राजेश डाबर, राजकुमार चौधरी, राकेश नागपाल, गुरदीप गाबा, रमेश गुप्ता, शशि गुप्ता, विनय सक्सेना, मोहन भुड्डी, विशाल भुड्डी, आशीष ग्रोवर आशु, गौरव तनेजा, मनोज मुंजाल, अमित अरोड़ा, महावीर आजाद आदि शामिल थे।




# अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में धूमधाम से निकली शोभा यात्रा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री अग्रवाल सभा द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में गत दिवस भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमे सांसद अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, जयंती कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया।साथ ही अग्रसेन चौक पर प्रसाद वितरण किया गया।दिन में महाराजा अग्रसेन जयंती शोभायात्रा नगर में निकाली गई । जिसमें मुख्य आकर्षण झांकी, इसके अलावा भगवान महाकाल, श्री राम मंदिर, केदारनाथ मंदिर, खाटू श्याम जी, बांके बिहारी जी आदि भगवानों व विभूतियों की झांकियां भी शोभायात्रा में सम्मिलित रही। इसके गया। नगर के सभी अग्रवाल परिवारों ने शोभायात्रा में भागीदारी करी। जगह-जगह कई सामाजिक संगठनों व समाज सेवियों द्वारा शोभायात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत अभिनंदन किया। सुशील अग्रवाल पप्पी, कैलाश चंद्र अग्रवाल , राजेश गर्ग, अरुण अग्रवाल, असीम सिंघल, युवा समिति अध्यक्ष विपुल अग्रवाल महामंत्री, कनव अग्रवाल, महिला अध्यक्ष पायल अग्रवाल सभा अध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग ने शोभायात्रा में भागीदारी करने वाले सभी अग्र बन्धुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि आज शनिवार को अग्रसेन जयंती मनाई






दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट , निवर्तमान मेयर डॉ० जोगेंद्र पाल रौतेला सहित कई गणमान्य लोगों ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व प्रातः महाराजा अग्रसेन प्याऊ व महाराजा अग्रसेन चौक पर महाराज अग्रसेन जी की मूर्ति का माल्यार्पण कर 18 बुलेट में सवार बॉडीगार्ड, 50 से अधिक महिलाओं द्वारा स्कूटी में पगड़ी पहन कर शोभायात्रा में भागीदारी की गई। 18 गोत्रों के स्वरूप 18 घोड़े पर विराजमान रहे। महाराजा अग्रसेन जी के प्रतीक स्वरूप एक रुपए संग ईंट की अलावा डिफेंस एकेडमी, पार्वती प्रेमा जगती स्कूल, हरगोविंद सुयाल स्कूल, बीएलएम एकैडमी, डीपीएस आदि स्कूलों के बच्चों द्वारा भी झांकियां व बैण्ड प्रस्तुत किए गए। सबसे अंत में महाराजा अग्रसेन जी का डोला निकल शोभायात्रा में मुख्य रूप से श्री अग्रवाल सभा हल्द्वानी के अध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग, महामंत्री मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, अग्रवाल, महामंत्री राधिका अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, सरिल गोयल,अभिषेक अग्रवाल, तपन मित्तल, राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना, साकेत अग्रवाल, तरुण बंसल, आलोक शारदा, अतुल जायसवाल, कपिल अग्रहरि आदि उपस्थित रहे। जाएगी। जिसमें कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं, मेधावी छात्र अभिनंदन, हवन पूजन, सहभोज का कार्यक्रम किया जाएग। उन्होंने सभी अग्रवाल परिवारों से उसमें भागीदारी करने का आग्रह किया है

# मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन नहीं लगेंगे प्रीपेड विद्युत मीटर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पंतनगर आगमन पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने उनका स्वागत किया और रुद्रपुर में प्रीपेड विद्युत मीटर लगाने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रीपेड विद्युत मीटर लगाने को लेकर लोगों में रोष है।



इससे आम जनत में संशय का माहौल बना हुआ है। लोगों में भय है कि प्रीपेड विद्युत मीटर लगने से बिजली महंगी हो जायेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री पुरस्कर सिंह धामी ने इसको रोकने के लिए कहा।उन्होंने कहाकि धामी सरकार जनता के हित में कार्य कर रही है रुद्रपुर में प्रीपेड मीटर नहीं लगाए जाएंगे।

# चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है...

## श्री दुर्गा मंदिर में भजनों में झूमे भक्त

रूद्रपुर। शारदीय पावन नवरात्रि के द्वितीय दिवस पर श्री दुर्गा मंदिर में माता का विशाल जागरण का आयोंजन किया गया। जिसमें आमंत्रित भजन कलाकारों द्वारा मां के भजन सुनाये गये जिन्हें सुनकर भक्तजन भक्ति में झूमने लगे। बॉबी ने मेरी पंज रंग चोलियां वाली मां मैं वारी जावां गले पुष्पां दे हार, मैं आपका हूं पराया नहीं हूं तुमने बुलाया मैं ऐसे आया नहीं, चलो बुलावा आया लक्ष्मण को मरने नहीं दूंगा, आदि भजन सुनाकर उपस्थित सभी भक्तों को भक्ति में मग्न कर दिया। वहीं गदरपुर से आई भजन गायिका सिमरन मिगलानी ने माता जुगनू, राजीव मदान, इन्द्रजीत अरोरा, योगेश साहनी, हरीश अरोरा, कमल, चेतन धींगरा, नितिन अरोरा, मोहित अरोरा, दिनेश गुप्ता, गौरव शर्मा, प्रदीप मदान, श्यामलाल मदान, गुलशन गोयल, ब्रजभूषण ठक्कर, किशन मुरारी धीर,





जागरण का शुभारम्भ पंडित नवीन शास्त्री द्वारा जजमान दुर्गा मंदिर समिति से पूजा अर्चना कराई गई। तत्पश्चात भजन गायक कलाकार राकेश चिलाना ने गुरू वंदना, गणेश वंदना गाकर भवन में फूलों की वर्षा करवाई। दिल्ली से आये भजन गायक कलाकार मास्टर है माता ने बुलाया है माता ने बुलाया है, मेरी झोली छोटी पड़ गई ऐ इतना दिया मेरी माता ने, जब दिन गर्दिश के थे न कोई पूछने वाला था तब तुमने ही संभाला था, मेला मैया दा आंवदा है हर साल, भोले की बारात चली रज रज के, सारेयां ने भंग पीती रज रज के, सूरज को उगने नहीं दूंगा के कई सुन्दर भजन गाकर मां की महिमा का गुणगान किया। अंत में प्रातः आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान हरीश धीर, रेनू अरोरा, देवेन्द्र कुकरेती, गुरूशरण बब्बर, किशनलाल नारंग, पवन गाबा, राजेश पोंपली, अनिल ईश्पुजानी, नीलम ईश्पुजानी, सुश्री दीक्षित, संजय कोहली, वेद ठुकराल, सुमन मदान, विद्या विरमानी, राजरानी, अंजू ठक्कर, ज्योति नारंग, रक्षा अरोरा, नीलम अरोरा, नीतू अरोरा, आशा गाबा, कमल चिलाना, दीपक अरोरा, अमन घीक, अशोक आनन्द, शिखा, सिम्मी साहनी, सावित्री गुप्ता, मंजू बब्बर आदि मौजूद थे।

# राम वनवास की लीला देख भावुक हुए लोग

गदरपुर( उद संवाददाता)।अनाज मंडी में चल रही श्री राम जी की लीला में शुक्रवार रात्रि श्री राम वनवास के मार्मिक दृश्य का मंचन किया गया। जिसमे श्री राम ने सीता और भाई लक्ष्मण के साथ सम्पूर्ण अयोध्या को विदा कर वनों की राह ली। राजा दशरथ की भूमिका में अध्यक्ष अशोक सुधा, श्री राम की भूमिका में रोहित पोपली, लक्ष्मण की भूमिका में कशिश खुराना, सीता की भूमिका में गुलशन शर्मा, कौशल्या की भूमिका में डायरेक्टर अशोक कुमार पोपली, सुमित्रा की भूमिका में आलोक गाबा, कैकई की भूमिका में अनमोल शर्मा ने बहुत ही सुंदर भूमिका निभाते हुए इस त्याग का अभिनय किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। श्री रामलीला अनाज मंडी के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज, महामंत्री अशोक धीर, कोषाध्यक्ष कृष्ण अनेजा एवम समस्त कमेटी ने तालियां बजाकर कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र बजाज, महामंत्री अशोक धीर, कोषाध्यक्ष कृष्ण अनेजा, पारस धवन, कृष्ण बत्रा, इंद्रजीत डाबर, सिद्धार्थ भूसरी, राजेश अग्रवाल, अशोक भुड्डी, अरविंद धवन, अशोक सुधा, अशोक पोपली, अनमोल भुड्डी, अंकुर चावला, सतीश छाबड़ा, निर्मल नारंग, राजू कालरा, अजय खेड़ा, रवींद्र वीर सिंह, सुभाष खुराना, अनिल सुधा पारस पोपली, बलदेव ढिंगरा, आदित्य सुखीजा सोमनाथ छाबड़ा, सोमनाथ गाबा सक्षम ग्रोवर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



# नवरात्र का पर्व आस्था व भक्ति को समर्पितः शिव

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। नवरात्रि के पावन पर्व पर भगवानपुर में अयोजित दुर्गा पूजा में पहुंचे विधायक शिव अरोरा ने माँ दुर्गा की आराधना कर समस्त क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि नवरात्रि का यह पवित्र पर्व हमारे हिंदू समाज में नई ऊर्जा,उमंग व भक्तिभाव के वातावरण का संचार करता है, जिससे हमको समाजिक व अपने व्यक्तिगत जीवन में सकारात्मक भाव का अनुभव होता है। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि माँ दुर्गा की कृपा से सभी प्रफुल्लित रहें और नवरात्र सभी के लिये मंगलमय हों, विधायक ने कहा कि हमारे यह धार्मिक पर्व हमारे सनातन संस्कृति की ताकत है अपने धर्म के प्रति हमें मजबूत बनाती है। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर, बीडीसी राखी जोशी, राकेश जोशी पूर्व बीडीसी, कमल जोशी, मनोज मदान,ज्ञान प्रकाश दुबे, रविशंकर शाह, अक्षय कुमार, नरेंद्र सिंह, शिवशंकर वर्मा, कामेश्वर सिंह, सौरभ सिंह, चंद्रशेखर, संजय कोटिया व अन्य लोग मौजूद रहे।



# आईटीआई गैंग लीडर सहित 1 1के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी के निर्देशों के अनुपालन में काठगोदाम थाना पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ चलाए अभियान में आईटीआई गैंग लीडर सहित 11के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें रिमाण्ड पर लेने के लिए विवेचक द्वारा गैगंस्टर कोर्ट नैनीताल के समक्ष पेश किया गया। जिन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है उनमें गैंग लीडर अंकित जायसवाल पुत्र संजय जायसवाल निवासी वार्ड नं0 12 रामपुर रोड, पंकज चौहान पुत्र स्व0 रमेश सिह चौहान निवासी डहरिया सीएमटी कालोनी, भुवन सिह बिष्ट पुत्र पूरन सिह बिष्ट निवासी डालाकोटी कम्पाउण्ड रामपुर रोड, प्रियांशु सती उर्फ प्रिंस पुत्र भुवन चन्द्र सती निवासी डहरिया सीएमटी कालोनी, फैसल पुत्र वली शेर हसन निवासी वारसी कालोनी गोलागेट शमशान घाट, मो. लारिफ सिद्दीकी पुत्र साहनवाज सिद्दीकी निवासी टनकपुर रोड राजपुरा, शोएब पुत्र मुस्ताक अहमद निवासी जवाहरनगर, इरशाद पुत्र सफी उल्ला निवासी रानीबाग चौघानपाटा काठगोदाम, शाकिब पुत्र आफताब निवासी वारसी कालोनी टनकपुर रोड बनभूलपुरा, अरबाज पुत्र जमीलुद्दीन निवासी वार्ड 15 जवाहरनगर बनभूलपुरा, फईम अहमद पुत्र फरीद अहमद निवासी वार्ड 15, जवाहर नगर शामिल हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि मनोज कुमार चौकी प्रभारी खेड़ा थाना काठगोदाम, उनि फिरोज आलम चौकी प्रभारी मल्ला काठगोदाम,कानि. संतोष सिह, टीका राम,अशोक रावत,कारजसिंह शामिल थे



# बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे दो निजी अस्पताल किये सील

बाजपुर( उद संवाददाता)। सीएमएस डॉ. पीडी गुप्ता और नायब तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण ने टीम के साथ निजी अस्पतालों पर छापा मारा। इस दौरान टीम ने बिना पंजीकरण के चल रहे दो अस्पतालों को सील कर दिया। छापे की कार्रवाई से निजी अस्पताल संचालकों में हड़कम्प मच गया। कई संचालक अपने अस्पताल बंद कर खिसक गए। शिकायत मिलने पर शुक्रवार को राजस्व और चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम ने दोराहा स्थित अनमोल हॉस्पिटल और जीवन ज्योति हेल्थ केयर में छापा मारा। छानबीन में पता चला कि दोनों अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे थे। इसके बाद दोनों अस्पतालों को टीम ने सील कर दिया। वहीं अनमोल अस्पताल में डॉक्टर भी नहीं मिले। इसके बाद टीम शिवाय नर्सिंग होम पहुंची थी लेकिन अस्पताल बंद मिला। सीएमएस ने बताया कि जांच के दौरान पंजीकरण नहीं मिलने पर दो निजी अस्पतालों को सील किया गया है। जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों के खिलाफ छापे की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। टीम में नर्सेस अधिकारी सरोजनी, मोहन भारती आदि मौजूद रहे।

# उत्तरांचल दर्पण

## सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## अलगाववाद की राजनीति

जम्मू-कश्मीर में हुए विधानसभा चुनाव के आखिरी चरण में भी जिस तरह लोगों ने उत्साह के साथ मतदान किया, उससे यह साफ जाहिर है कि राज्य में लोकतंत्र की नई हवा बहने की उम्मीद मजबूत हुई है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में अंतिम चरण के चुनाव में 69.65 फीसद मतदान हुआ। तीन चरणों में हुए चुनाव में भारी संख्या में लोगों ने अपने विवेक से मताधिकार का प्रयोग कर देश के लोकतंत्र में भरोसा तो जताया ही, साथ ही उन्होंने अलगाववादी ताकतों और उन्हें पनाह देने वाले देशों को भी आईना दिखा दिया।यह भी संयोग है कि इस बार राज्य में कहीं पुनर्मतदान की नौबत नहीं आई। न कहीं कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ी और न ही आतंकी हिंसा की कोई बड़ी खबर आई। वहीं तमाम अंतर्विरोधों के बीच सभी राजनीतिक दलों ने भी संयम का परिचय देते हुए देते हुए रैलियां और सभाएं कीं। इस तरह जम्मू-कश्मीर के नागरिकों ने पूरी दुनिया को बड़ा संदेश दिया कि यहां लोकतंत्र की जड़ें कितनी गहरी हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने भी यह कहा कि इस चुनाव ने लोकतंत्र की गहराई को चिह्नित किया है और यह आने वाले वर्षों में क्षेत्र की लोकतांत्रिक भावना को प्रेरित करता रहेगा। सच यह है कि जम्मू कश्मीर के लोगों ने चुनावी बहिष्कार के किसी भी झांसे में आने के बजाय लोकतंत्र में आस्था जताई। यह कम बड़ी बात नहीं कि उन निर्वाचन क्षेत्रों में भी जम कर मतदान हुआ, जहां अलगाववादी समूह लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ठेस पहुंचाने के लिए चुनावी बहिष्कार का एलान कर दिया करते थे। इसके उलट चुनाव में ऐसे समूहों की भागीदारी और सक्रियता देखी गई, जो एक समय वहां के लोगों से चुनाव से दूर रहने का आह्वान करते थे या उन्हें धमकाते थे। इसे एक बड़ी उपलब्धि कही जा सकती है कि चुनाव में भागीदारी करके अलगाववाद की राजनीति करने वाले समूहों ने मुख्यधारा की राजनीति और देश के संविधान में विश्वास जाहिर किया। एक खास बात यह भी दिखी कि जहां महिला मतदाताओं की संख्या में सत्ताईस फीसद से अधिक की बढ़ोतरी हुई, वहीं 2014 के बाद महिला उम्मीदवार भी अधिक संख्या में चुनाव मैदान में उतरीं। बहरहाल, नतीजों की तस्वीर चाहे जो बने, जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं ने लोकतंत्र के पक्ष में फैसला सुना दिया है।

# अग्निवीर योजना राष्ट्र सुरक्षा के लिए महत्वपूर्णः राज्यपाल

देहरादून/नई दिल्ली (उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड सदन में राष्ट्रीय सैनिक संस्था के हरियाणा, हिमाचल, पंजाब एवं दिल्ली-एनसीआर के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर पूर्व सैनिकों से संबंधित विषयों एवं समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। गौरतलब है कि राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), राष्ट्रीय सैनिक संस्था के मुख्य संरक्षक भी हैं।इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हमारे पूर्व सैनिक सेना में प्राप्त प्रशिक्षण एवं अपने सेवाकाल के अनुभवों के आधार पर समाज एवं जनहित के कार्यों में सेवानिवृत्ति के बाद भी पूरी निष्ठा से कार्य करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि सभी पूर्व सैनिक एवं राष्ट्रीय सैनिक संस्था से जुड़े सभी कार्यकर्ता मेरा विस्तारित परिवार है। आज हमारी चर्चा के दौरान जो भी सुझाव आए हैं उन्हें सक्षम स्तर तक पहुंचाते हुए उचित कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि आज इस बैठक में सभी के द्वारा आंतरिक सुरक्षा पर भी सुझाव दिए गए जो यह दर्शाता है कि एक



सैनिक सेवानिवृत्ति के बाद भी देश की सम्प्रभुता के लिए निरन्तर विचारशील रहता है।इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि मैंने व्यक्तिगत तौर पर अग्निपथ योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित किए जा रहे अग्निवीरों के प्रशिक्षण केन्द्रों में भ्रमण किया है, और मैं कह सकता हूँ कि अग्निवीरों का प्रशिक्षण और उनकी क्षमता उच्चतम स्तर की है। उन्होंने कहा कि यह योजना राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, इस योजना से सशस्त्र बलों में युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ने के साथ-साथ सेना में युवा ऊर्जा का संचार होगा।इस अवसर पर राष्ट्रीय सैनिक संस्था के अध्यक्ष कर्नल टी पी त्यागी (रि.) ने बताया कि वर्तमान में संस्था के सदस्य लगभग सभी प्रांतों में सक्रिय हैं एवं उनके द्वारा विभिन्न स्तरों पर छात्रों में चरित्र निर्माण एवं राष्ट्रीय एकता का भाव जगाने के लिए प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। इस बैठक में भारतीय थल सेना और भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# राम बारात के स्वागत में विशाल भंडारा आयोजित

## श्री राम की सेवा से मिलता है सुकूनः अभिषेक वर्मा

गदरपुर (उद संवाददाता)।नगर के आवास विकास स्थित रामलीला मैदान में आयोजित श्री शिव पार्वती रामलीला मंचन के चौथे दिन प्रभु राम,लक्ष्मण ,भरत,शत्रुघ्न के शुभ विवाह का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया



गया।उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुचे श्री गुरु ज्वेलर्स के एमडी एवं भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री अभिषेक वर्मा अपने परिवार के साथ प्रभु राम के विवाह में सम्मिलित हुए और उन्होंने प्रभु राम के विवाह के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन भी कराया।अभिषेक वर्मा ने मुख्य रूप से परशुराम की भूमिका निभा रहे संजीव नागपाल के किरदार के साथ साथ राम लक्ष्मण सहित तमाम किरदारों के मंचन की सराहना की।उन्होंने कहा आज समय सनातन का है और हर घर मे प्रभु राम के नाम की गूंज सुनाई दे रही है।उन्होंने अपने पिता मनमोहन वर्मा व भाई प्रतीक वर्मा के लिए भी प्रभु राम से आशीर्वाद लिया उन्होंने कहा पिता के द्वारा दी गई सीख और छोटे भाई के साथ के चलते ही वह यह भंडारा प्रभु चरणों मे कराने में कामयाब हुए है।वही श्री शिव पार्वती रामलीला के अध्यक्ष रमन छाबड़ा, महामंत्री संतलाल हुड़िया व कोषाध्यक्ष राज गुम्बर,राकेश भुड्डी ने अभिषेक वर्मा व उनके परिवार को स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। बता दे कि अभिषेक वर्मा स्वयं भी कई वर्षो तक रामलीला के मंच पर लक्ष्मण, भरत, मेघनाथ,अंगद जैसे कई किरदार निभा चुके है और यही कारण है कि वह सनातन को मजबूत होता देख समाज हित मे सदैव बढ़चढ़कर आगे रहते है। इस दौरान मनमोहन वर्मा, अनीता वर्मा,अभिषेक वर्मा, अनन्या वर्मा ,प्रतीक वर्मा, प्रियंका वर्मा,एशलीन, शिवाय ,अरर्षिता , वेदांत,धर्मपाल वर्मा,खरेती लाल वर्मा,राजेंद्र वर्मा, नितेश वर्मा, राजेश वर्मा, मनोज वर्मा, संदीप वर्मा, कुलदीप वर्मा, राजेश गुंबर मिनी, सुरेश खुराना,मुनि भुसरी,पंकज सेतिया, अशोक छाबड़ा,विजय सीडाना, राजू छाबड़ा,राकेश बंटी भुड्डी, विकास तनेजा, राकेश रिकू भुसरी सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# राज्यपाल 7 अक्टूबर को काशीपुर और पंतनगर में

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश के महामहिम राज्यपाल ले.जन.(से.नि.) गुरमीत सिंह अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद में पधार रहे हैं। महामहिम राज्यपाल 7 अक्टूबर सोमवार को देहरादून से हेलीकाप्टर द्वारा काशीपुर के लिए प्रस्थान करेंगे तथा 11:20 बजे काशीपुर स्थित लिटिल स्कॉलर्स स्कूल पहुंचेंगे, जहां से वे 11:30 बजे आईआईएम काशीपुर में पहुंचकर कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। तत्पश्चात पुनः लिटिल स्कॉलर्स स्कूल हेलीपैड से 1 बजे प्रस्थान कर 1:25 बजे पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचेंगे जहां से महामहिम कार द्वारा प्रस्थान कर 1:35 बजे तराई भवन गेस्ट हाउस जाएंगे तथा सूक्ष्म जलपान के उपरांत 3:25 बजे जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के लिए प्रस्थान कर 3:30 बजे कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

# मुख्य सचिव राधा रतूड़ी कल रूद्रपुर में

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।मुख्य सचिव उत्तराखण्ड शासन श्रीमती राधा रतूड़ी अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 6 अक्टूबर रविवार को प्रातः 9 बजे नैनीताल से प्रस्थान कर 11:30 बजे रूद्रपुर पहुंचेंगी।मुख्य सचिव महोदया रूद्रपुर में वैंडिंग जोन व लीगेसी वेस्ट निस्तारण का स्थलीय निरीक्षण करेंगी।

# प्रभारी मीडिया सेंटर गिरजा शंकर जोशी ने कार्यभार ग्रहण किया

नैनीताल(उद संवाददाता)। महानिदेशक, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग उत्तराखंड, देहरादून बंशीधर तिवारी के निर्देशों के अनुपालन में जिला सूचना अधिकारी, चंपावत गिरिजा शंकर जोशी ने शुक्रवार पूर्वाहन में प्रभारी मीडिया सेंटर, हल्द्वानी के पद पर अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया। प्रभारी मीडिया सेंटर गिरजा शंकर जोशी ने पत्रकार बंधुओं और कार्यालय के कर्मचारियों से वार्ता की। सम्मानित प्रेस प्रतिनिधि द्वारा पदभार ग्रहण करने पर प्रभारी मीडिया सेंटर, हल्द्वानी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर गिरिजा शंकर जोशी ने कहा आपसी समन्वय बनाते हुए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का संपादन सुचारू रूप से किया जाएगा। उन्होंने कहा जनपद के सम्मानित पत्रकारों की समस्याओं हमारी समस्या है, जिसका निदान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा पत्रकारों के हित में चलाई जा रही अनेक योजनाओं का लाभ पत्रकारों तक पहुंचाया जाएगा।

# समूह-ग के 751 पदों पर ऑनलाईन आवेदन 11 से

देहरादून। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने प्रदेश में समूह-ग के 751 पदों पर भर्ती की विज्ञप्ति जारी कर दी है। इन पदों के लिए 11 अक्तूबर से ऑनलाइन आवेदन शुरू होंगे। आयोग के सचिव सुरेंद्र सिंह रावत ने बताया, कई विभागों में डाटा एंट्री ऑपरेटर के तीन, कंप्यूटर सहायक सह स्वागतकर्ता के तीन, कनिष्ठ सहायक के 465, स्वागती के पांच, मेट के 268, कार्य पर्यवेक्षक के छह, आवास निरीक्षक के एक पद के लिए यह भर्ती होगी। उन्होंने बताया, रिक्तियों की संख्या में बदलाव हो सकता है। आवेदक की आयु कुछ पदों के लिए 18 से 42 और कुछ के लिए 21 से 42 वर्ष होनी चाहिए। भर्ती के लिए 11 अक्तूबर से ऑनलाइन आवेदन शुरू होंगे। एक नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन में संशोधन का मौका पांच से आठ नवंबर के बीच मिलेगा। भर्ती परीक्षा की तिथि 19 जनवरी तय की गई है। आयोग के अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया ने बताया, सभी भर्तियों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।

# जानलेवा हमला कर युवक को अगवा करने की कोशिश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कुछ लोगों द्वारा एक युवक पर जानलेवा हमलाकर उसे गंभी रूप से घायल कर देने के बाद उसे अगवा कर ले जाने की कोशिश की गई। आसपास के लोगों के आ जाने से हमलावर वहां में सवार होकर भाग गए। घायल युवक को उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। सोहेल पुत्र जान मोहम्मद निवासी पहाड गंज का कहना है कि उसकी वर्कशॉप तीन पानी शुक्ला फार्म में है जहा पर जुबैर नाम के लड़के से सुबह



किसी बात से विवाद हुआ था। जिसका वर्कशॉप दक्ष चौराहे पर है। शाम को वो हथियारों के साथ कई लड़के लेकर आया। उन्होंने उसके भाई अनस को बुरी तरह मारा। जिससे उसे गंभीर चोट आई जो जिला हस्पताल में भर्ती है।आरोप है कि हमलावरों ने पहले भाई अनस को बुरी तरह मारा और जब भाई बेहोशी के हालत में था तब उसे जबरदस्ती अपने साथ कार में ले जाने लगे। वहां पर रहने वाले लोगों ने उन्हें रोका। और भाई को बचाया नहीं तो भाई को जान से मार देते।

# उत्तराखण्ड में पीएमजीएसवाई योजना से 35 नए गांवों तक 519 सड़कों और 195 सेतुओं का हुआ निर्माण

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के तीन साल के कार्यकाल के दौरान पी.एम.जी एस.वाई में उत्तराखण्ड में कुल



1481 किमी लंबाई युक्त 519 सड़कों का निर्माण किया गया है। जिस कारण 250 से अधिक आबादी वाले 35 नए गांवों तक सड़क पहुंच पाई है। मुख्यमंत्री के तीन साल के कार्यकाल में जहां योजना के तहत कुल 1481 किमी लम्बाई युक्त 519 नई सड़कों और 195 सेतुओं का निर्माण किया गया, वहीं पहले से निर्मित 159 किमी लंबी 61 ग्रामीण सड़कों का भी अपग्रेडेशन किया गया। इन सड़कों और पुलों के निर्माण पर कुल 2310 करोड़ रुपए का व्यय किया गया। धामी सरकार के दौरान 250 से अधिक जनसंख्या की 35 बसावटों को सड़क से जोड़कर ग्रामीणों की आवाजाही सुगम की गई है। इस योजना के तहत प्रथम और दूसरे चरण के कार्य अब पूरे होने की स्थिति में पहुंच गए हैं, अब पी.एम.जी.एस.वाई तृतीय चरण के तहत पूर्व में निर्मित सड़कों के अपग्रेडेशन के लिए 1824 करोड़ रुपए की स्वीकृति भारत सरकार से मिल गई है, इसके तहत कुल 2288 किमी लंबी सड़कों का अपग्रेडेशन किया जाना है। इसके अलावा वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत सड़क से वंचित आठ बसावटों को सड़क सम्पर्क से जोड़े जाने के लिए 119 करोड़ की स्वीकृति भारत सरकार से प्राप्त की गई है। इसके बाद प्रदेश में 150 से कम जनसंख्या की कुल 1796 बसावटें ही ऐसी रह गई हैं, जहां सड़क नहीं पहुंच पाई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना दिसम्बर, 2000 में केंद्र की तत्कालीन श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की सरकार ने प्रारम्भ की थी। योजना का मुख्य उद्देश्य गांवों को सम्पर्क मार्गों से जोड़ना है। यह योजना 90 प्रतिशत केंद्र पोषित है, शेष दस प्रतिशत अंशदान राज्य सरकार का होता है। योजना के प्रारंभ होने से अब तक उत्तराखण्ड में कुल 2329 सड़कों और 312 पुलों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। योजना पर अब तक कुल 10183 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, जिसके फलस्वरूप 250 से अधिक जनसंख्या वाली 1846 बसावटों को सड़क से जोड़ा जा चुका है। इस योजना की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से गांवों को सड़कों से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना पर तेजी से काम किया जा रहा है। सड़कें प्रगति का आधार होती हैं, इसलिए हमारी सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक गांव तक सड़क पहुंचे। साथ ही सड़क मार्ग से वंचित शेष गांवों तक भी सड़क पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# शादी का झांसा देकर डेढ़ साल नाबालिग का शारीरिक शोषण

नानकमत्ता। युवक शादी का झांसा देकर नाबालिग का डेढ़ साल तक शारीरिक शोषण करता रहा। आरोपी ने परिवार या किसी को बताने पर नाबालिग को जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपकर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को एक युवक ने प्रेमजाल में फंसा लिया। आरोपी शादी का झांसा देकर डेढ़ वर्ष से उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। आरोपी ने उनकी पुत्री को परिवार या किसी और को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इससे भयभीत होकर बेटी गुमसुम रहने लगी। पूछने पर उसने पूरी घटना बता दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी करन सिंह के विरुद्ध दुष्कर्म व पॉक्सो अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# राघवनगर में शुक्ला ने किया रामलीला मंचन का शुभारम्भ

किच्छा(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने ग्राम राघवनगर में रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की लीला के प्रथम दिन का दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति और समाज का अभिन्न अंग है, जो हमारे धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को जीवंत रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भगवान श्रीराम के आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, और उनका जीवन सत्य, न्याय, और मर्यादा का प्रतिरूप है, जिसे हमें आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को भगवान राम के जीवन और उनके आदर्शों से जुड़ने का अवसर मिलता है, जो उनके नैतिक और सांस्कृतिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। ग्राम राघवनगर में यह रामलीला पिछले 61 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है, जिसमें गांव के ही स्थानीय युवक रामायण के विभिन्न



पात्रों का मंचन करते हैं। इस आयोजन की विशेषता यह है कि इसे पूरी तरह से गांव के युवाओं द्वारा ही संचालित किया जाता है, जो अपनी निष्ठा और समर्पण के साथ भगवान श्रीराम की लीला को मंच पर जीवंत करते हैं। उन्होंने रामलीला में भाग लेने वाले युवाओं को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया और कहा कि उनके समर्पण और परिश्रम से यह आयोजन इतना सफल और प्रभावशाली बन पाया है। शुक्ला ने कहा कि 61 वर्षों से चली आ रही इस परंपरा को बनाए रखना ग्रामवासियों की प्रतिबद्धता और श्रद्धा का प्रतीक है, जो गांव के विकास और सामाजिक संरचना को मजबूत करने में योगदान दे रही है। राजेश शुक्ला ने सभी उपस्थित जनों को शुभकामनाएं देते हुए कामना की कि भगवान श्रीराम की कृपा सभी पर बनी रहे और रामलीला की यह परंपरा इसी प्रकार अनवरत चलती रहे। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सुषमा यादव, नरेंद्र मणि त्रिपाठी, डी एन यादव, वीरेंद्र यादव, संजय कुशवाहा, परमहंस राजभर, विजय नाथ राय, स्वामीनाथ यादव, हिमाचल कुशवाहा, हरवंश राजभर, उदयभान कुशवाहा, धर्मेंद्र कुशवाहा, नंद कुमार, महेश यादव, रामपाल यादव, सुरेंद्र यादव, धनंजय यादव, सूरज शाह, मन्नू राजभर, मोहन कुशवाहा, विजय पाल कुशवाहा, रवि वर्मा, राम भवन कुशवाहा, अनुराग यादव समेत समस्त ग्रामीण उपस्थित थे।

# गुरु नानक इंटर कॉलेज के 27 छात्र छात्राओं का मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना में चयन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज नानकमत्ता के 27 छात्र छात्रों का चयन मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति योजना के लिए हुआ है, जिस पर विद्यालय परिवार ने हर्ष जताते हुए छात्राओं को बधाई दी है, प्रधानाचार्य सरदार



तरसेम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अगस्त माह में आयोजित छात्रवृत्ति प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 2 तथा कक्षा 9 से 25 छात्रों ने सफलता प्राप्त की है मुख्यमंत्री उदयमान योजना के तहत चुने गए छात्रों को 100800 की छात्रवृत्ति दी जाएगी, कॉलेज के छात्र-छात्राओं के चयन पर कॉलेज के अध्यापक संपूर्ण सिंह दीवान सिंह धामी वीरेंद्र गंगवार, डॉ प्रशांत विश्वास हरपाल सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# चौकी प्रभारी पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भदईपुरा निवासी शिशुपाल यादव पुत्र लेखराज यादव ने पुलिस महानिरीक्षक को एक शिकायती पत्र प्रेषित कर रम्पुरा चौकी प्रभारी पर उनके मामले में कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए आवश्यक निर्देश देने का आग्रह किया है। पत्र में शिशुपाल यादव ने कहा है कि राजनैतिक रंजिश के कारण उनकी हत्या करने की साजिश की जा रही है। उनका कहना है कि 11 अगस्त 2024 को एक व्यक्ति द्वारा पत्नी के सामने उन्हे जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस को पर्यात सबूत देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिस पर उन्हें न्यायालय की शरण लेकर याचिका दायर करनी पड़ी। शिशुपाल यादव का आरोप है कि 18 अगस्त को उनके पुत्र वकील किशन यादव की गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने के साक्ष्य प्रस्तुत किये गये। लेकिन पुलिस ने कोई संज्ञान नहीं लिया। अभी तक चौकी प्रभारी द्वारा उनके काई बयान अंकित नहीं किये गये हैं। जब उनसे विधिक कार्रवाई करने की मांग की तो उन्होंने मना कर दिया। उन्होंने आरोप लगााते हुए कहा कि बिना बयान अंकित किये झूठी रिपोर्ट बनाकर उनके जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। जिसकी उच्च स्तरीय जांच करवाकर न्याय दिलाया जाये।

# पंतनगर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधि मण्डल फ्रांस रवाना

पंतनगर। पंतनगर विश्वविद्यालय के सत्रह संकाय और कर्मचारी आधुनिक कृषि तकनीकों का अनुभव प्राप्त करने के एक अनूठे अवसर के लिए फ्रांस के लिए रवाना हुए। यह पहल फ्रांस के कृषि और खाद्य संप्रभुता मंत्रालय और गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास का हिस्सा है। हाल ही में हस्ताक्षरित एक समझौते के तहत, पंतनगर विश्व विद्यालय के सत्रह संकाय और कर्मचारी डीफिआ कंसोर्टियम के भीतर फ्रांस के विभिन्न संस्थानों में 6-11 अक्टूबर, 2024 के दौरान एक सप्ताह के एक्सपोजर कार्यक्रम में भाग लेंगे। एक्सपोजर विजिट का फोकस कृषि में प्रगति सहित खाद्य विज्ञान और



प्रौद्योगिकी के क्षेत्र पर है। पंतनगर विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक डॉ एच जे शिव प्रसाद ने खाद्य प्रौद्योगिकी, खाद्य विज्ञान, कृषि आदि के क्षेत्र में एक्सपोजर विजिट पर जोर देते हुए कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। पंतनगर विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने शैक्षणिक और व्यावहारिक कौशल को बढ़ाने में ऐसे अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए चयनित प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को बधाई दी। कर्मचारी। इस कार्यक्रम से कर्मचारियों के ज्ञान आधार में महत्वपूर्ण योगदान देने और दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की उम्मीद है। आज रवाना हुए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस से डॉ. छाया शुक्ला और डॉ. शेफाली मैसी,कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी से डॉ.दीपक कुमार, फिशरीज कॉलेज से डॉ. आशुतोष मिश्रा, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. अंजलि चौधरी और डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. नीना सिंह शामिल हैं।

# ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा एवं संस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित ब्लॉक स्तरीय बेसिक क्रीड़ा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ गदरपुर के खंड शिक्षाधिकारी सावेद आलम द्वारा किया गया । 50 मी दौड मे प्राथमिक बालक वर्ग और बालिका वर्ग के दौड़ संपन्न हुई जिसमें प्राथमिक वर्ग में 50 मीटर की दौड़,बालक वर्ग में मानव हालदार, राजकीय प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर प्रथम,पीहुल चौहान अजीम जी प्रेम जी स्कूल दिनेशपुर द्वितीय 100 मी दौड़ बालिका वर्ग में अदिति प्रथम, नेहा द्वितीय, 200 मी बालिका दौड़ में आदित्य सिंह प्रथम ,नेहा द्वितीय 400 मी बालिका दौड़ में रचना प्रथम सोनाक्षी द्वितीय रही। प्राथमिक वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग



में राजकीय प्राथमिक विद्यालय आदर्श नगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खंड शिक्षाधिकारी ने सभी विजेताओं को मेडल से पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मौर्य क्रिकेट अकादमी के एमडी आनंद कुमार मौर्य ने प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वालों को अपने अकादमी में निशुल्क प्रशिक्षण देने को कहा। इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक शिक्षा संघ के जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह सिरोही ,ब्लॉक खेल समन्वयक नूर आलम ,उमेश जोशी, अशोक चौहान ,डीपीसिंह सुरेश जोशी ,कुंदन लाल कौशिक, मनोहर लाल ,संदीप कौर, बलवंत सिंह , उद्घोषक संजीव बुधौरी मौजूद रहे।

# राम विवाह और केकई कोप भवन की लीला का मंचन

गदरपुर(उद संवाददाता)। आवास विकास में चल रही रामलीला के चौथे दिन श्री राम विवाह से लेकर केकई कोप भवन तक की लीलाओं का मंचन किया गया। रामलीला के मंच पर लक्ष्मण परशुराम संवाद, श्री राम विवाह एवं केकई कोप भवन के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं एक तरफ जहां रामलीला कमेटी के लोग रामलीला मंचन की व्यवस्था में लगे थे वहीं दूसरी तरफ महावीर दल के अध्यक्ष बंटी छाबड़ा ने अपनी पूरी टीम के साथ विशाल भंडारे की व्यवस्था संभाली। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रमन छाबड़ा, महामंत्री संत लाल हुड़िया, कोषाध्यक्ष राज गुम्बर, मदन हुड़िया, विकास तनेजा, संजीव नागपाल,



हरीश रल्हन, मनोज गुम्बर, दीपक बेहड़, महावीर दल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज गुम्बर, महामंत्री आकाश कोचर, किशन गुप्ता, सचिन गुप्ता, रिजवान अली, विप्लव कुमार, रिंकू शर्मा, अंकित मदान, कमल मिगलानी, गोलू कालरा, कुणाल कालरा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**श्रम कार्यालय पर लागू...**सरकारी दफ्तरों ,विशेष कर श्रम कार्यालय पर लागू ही नहीं होती। देखा जाए तो वायरल वीडियो का समूचा घटनाक्रम प्रथम दृष्टया ही बेहद संदिग्ध तथा गहन जांच किए जाने योग्य तथा कई गंभीर सवालों को जन्म देता हुआ नजर आता है। किसी सूने सरकारी दफ्तर में अफसर की मेज की दराज में पांच-पांच सौ के कई नोटों का पाया जाना तथा नोटों की मौजूदगी में सूने दफ्तर में किसी अंजान एवं संदिग्ध व्यक्ति का चहल कदमी करना अपने आप में ही एक जांच का विषय है, लिहाजा वीडियो वायरल होने के साथ ही आम जन की नजरों में शासन-प्रशासन की छवि स्वच्छ बनाए रखने के लिए उपरोक्त घटनाक्रम की जांच की घोषणा हो जानी चाहिए थी, पर ऐसा लगता है जैसे शासन-प्रशासन में बैठे प्रभावशाली लोग अपने कतिपय हितों के चलते जानबूझकर श्रम विभाग के गड़बड़ झाले को नजर अंदाज कर रहे हैं और उन्हें मुख्यमंत्री धामी की बहु प्रचारित श्भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंसश की नीति का की तनिक भी परवाह नहीं।

**जसपुर में दिनदहाड़े..**मृतक मटर का व्यवसाय करता था। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस हत्यारों तक पहुंचने के लिए आस पास के सीसी टीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। दिनदहाड़े हुए हत्याकाण्ड से क्षेत्र में हड़कम्प मचा है। साथ ही ग्रामीणों में घटना आक्रोश भी है।

**धामी सरकार में ..**राजनैतिक हलकों में चर्चा है कि धामी सरकार में उधम सिंह नगर के एक विधायक को जगह मिल सकती है। सूत्रों के मुताबिक गदरपुर के विधायक अरविंद पाण्डे और रूद्रपुर के विधायक शिव अरोरा का नाम इस दौड़ में शामिल है। जनपद में नौ सीटों में से वर्तमान में भाजपा के पास चार विधायक हैं। सितारगंज के विधायक सौरभ बहुगुणा पहले ही धामी मंत्रि मण्डल के सदस्य हैं। अगर नये चेहरे को प्राथमिकता दी गयी तो रूद्रपुर विधायक शिव अरोरा की लॉटरी लग सकती है और यदि पुराने चेहरे को प्राथमिकता दी तो अरविंद पाण्डे का फिर से मंत्री बनना तय है।

**किच्छा में २०७ एकड़..**किच्छा तहसील के विभिन्न ग्रामों में सीलिंग की जमीनं के संबंध उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा एक वाद का निस्तारण किया गया था। जिसमें सीलिंग की भूमि पृथक कर शेष भूमि समसुल हक आदि के नाम कर दी थी तथा राज्य बनने के बाद का भूमि का हस्तांतरण राज्य सरकार के पक्ष में नहीं हो पाया था। विभिन्न न्यायालयों के आदेशों के अनुसार जिलाधिकारी उदय राज सिंह द्वारा सिलिंग की भूमि को कब्जे में लिया गया है। उन्होंने बताया कि 21.26 हैक्टेयर भूमि में से 16.20 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा लिया गया। भूमि पर कब्जे के दौरान कब्जेदारों द्वारा किसी भी तरह का विरोध नहीं किया गया। मौके पर भारी पुलिस बल तथा राजस्व कर्मचारी मौजूद हैं।

**१०६ ग्राम स्मैक...**बरामद हुई। साथ ही 13 हजार की नकदी भी मिली। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और तस्करी में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की बाईक सीज कर दी। एसएसपी ने बताया कि जनपद में नशे के सौदागरों पर पुलिस शिकंजा कस रही है।

# नेहरु युवा केंद्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता की ली शपथ

गदरपुर(उद संवाददाता)। नेहरू युवा केंद्र उधम सिंह नगर के जिला युवाधिकारी आशीष पाल के मार्गदर्शन पर नेहरू युवा केंद्र उधम सिंह नगर विकासखंड गदरपुर की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक तनीषा चावला द्वारा माय भारत के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा 2024 सम्मान व समापन समारोह का आयोजन ब्लॉक सभागार गदरपुर में किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सुरेश खुराना मंडल अध्यक्ष भाजपा गदरपुर, विशिष्ट अतिथि श्रीमती अतिया परवेज खंड विकास अधिकारी,विशिष्ट अतिथि श्री शेखर चंद्र जोशी,सह खंड विकास कार्यक्रम संयोजक सुश्री तनिशा चावला (राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नेहरू युवा केंद्र उधम सिंह नगर) व मुस्कान चावला ( पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नेहरू केंद्र उधम सिंह नगर) द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया । कार्यक्रम संयोजक सुश्री तनीषा चावला ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व सभी विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया । करना है और देश को साफ सुथरा एवं स्वच्छ बनाना है । खंड विकास अधिकारी श्रीमती अतिया परवेज ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा का उद्देश्य, ग्रामीण भारत में पूर्ण स्वच्छता की दिशा के प्रयासों करने के लिए सामुदायिक एकजुटता का अभियान है । आज हम सबका यह कर्तव्य है कि गन्दगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें । मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा आस पास के क्षेत्र में युवाओं



कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान भारत सरकार की एक महान पहल है जिसका उद्देश्य भारत में स्वच्छता के महत्व के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा में तेजी लाना है। सह खंड विकास अधिकारी श्री शेखर चंद्र जोशी ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा गांव के स्तर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कचरे की सफाई और विभिन्न गतिविधियों का आयोजन के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में संपूर्णतया अभियान की ब्लॉक संयोजक प्रेरणा रावत एवं श्री राजकुमार चावला सहित लगभग 60 युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे ।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सूबे में 'बढ़े' वन्य जीव हमले, वन महकमे के इंतजाम 'नाकाफी'

**उत्तराखंड में तेजी से बढ़ रहा है मनुष्यों पर वन्य जीव हमलों का ग्राफ, बचाव के परंपरागत तरीकों के भरोसे अब तक राज्य का वन महकमा, वन्य जीव हमले से बचाव की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित आधुनिक तकनीक अभी प्रायोगिक दौर में, कार्बेट टाइगर रिजर्व में दो स्थानों पर चल रहा वन महकमे का ट्रायल, ट्रायल के सफल होने तक उत्तराखंड वासी भगवान भरोसे**

-अर्श-

देहरादून। तमाम कोशिशें के बावजूद उत्तराखंड सरकार सूबे में जंगल से सटे क्षेत्र के रहवासियों की वन्य जीव आक्रमण से सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं कर पा रही है। राज्य में वन्य जीव हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ती ही जा रही हैं। हालात कुछ ऐसे हैं कि लगभग हर सप्ताह प्रदेश के किसी न किसी क्षेत्र में किसी व्यक्ति के वन्य जीव हमले में प्राण गंवाने अथवा घायल होने की खबर आ ही जाती है ।चालू वर्ष में अभी तक प्रदेश में तकरीबन 44 लोग वन्य जीव हमलों में अपनी जान गंवा चुके हैं और तकरीबन दो सैकड़ो लोग वन्य जीव हमले में बुरी तरह घायल हो चुके हैं, लेकिन सूबे के वन महकमे के वन्य जीव हमले से बचाव के सारे के सारे इंतजाम अभी तक नाकाफी ही साबित हुए हैं । विडंबना यह है कि प्रदेश का वन महकमा ,वन्य जीव के आबादी की ओर रुख करने पर ऑटोमेटिक अलर्ट की एआई तकनीकी का ,अभी तक केवल प्रयोग ही कर रहा है ।स्मरणीय है कि हाल ही में वन विभाग ने जंगल से सटे आबादी वाले इलाकों





में एआई तकनीकी और आधुनिक कैमरा ट्रैप से वन्यजीव के मूवमेंट पर नजर रखने की एक ऐसी योजना पर काम शुरू करने का दावा किया था, जिसमें वन्य जीव के जंगल से बाहर कदम रखते ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकी के माध्यम से एक अलर्ट वन विभाग के कंट्रोल रूम तक स्वयंमेव पहुंचने की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी थी। इस योजना के तहत ऐसे नए ट्रैप कैमरे इस्तेमाल में लाए जाने हैं, जिनकी मेमोरी के अलावा बैटरी भी काफी समय तक चलती है। इन कैमरे में सिम और इंटरनेट सपोर्ट होता है ।वह फोटो खींचने के बाद इंटरनेट के माध्यम से फोटो भेज देते हैं। यह फोटो ऑब्जरवेशन सर्वर पर पहुंचती है और एआई तकनीकी के माध्यम से वन्य जीव की तत्काल पहचान कर सेंट्रल कंट्रोल रूम तक अलर्ट पहुंचा दिया जाता है। इसका फायदा यह है कि जैसे ही वन्य जीव के आबादी वाले इलाके की तरफ मूवमेंट की सूचना वन विभाग तक पहुंचेगी ,वन विभाग तुरंत ही ग्रामीण और वन विभाग की क्विक रिस्पांस टीम को सचेत कर देगा इसमें दो राय नहीं कि एआई तकनीकी आधारित यह नई कैमरा ट्रैप प्रणाली अगर कारगर होने पाई ,तो इससे लोगों को काफी हद तक वन्य जीव हमले से सुरक्षित किया जा सकेगा, लेकिन दुर्भाग्यवश वन विभाग अभी एआई तकनीक आधारित कैमरा ट्रैप प्रणाली को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में केवल दो स्थानों पर ही प्रायोगिक तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। राज्य के शेष संवेदनशील इलाकों में वन महकमा अभी परंपरागत बचाव रणनीति के भरोसे ही अपना काम चल रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि वन्य जीव हमले से बचाव की आधुनिक एवं कारगर प्रणाली राज्य का वन विभाग जब तक विकसित नहीं कर पता , तब तक प्रदेश में जंगल से सटे आबादी वाले क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों की वन्यजीवों से रक्षा कैसे हो ? क्योंकि बचाव के परंपरागत तौर तरीकों के भरोसे अब अधिक समय तक नहीं रहा जा सकता। वह इसलिए, क्योंकि जिस तेजी से राज्य में लोग वन्यजीवों के हमले का शिकार हो रहे हैं ,अगर यही क्रम आगे भी जारी रहा तो उत्तराखंड में वन्य जीव हमले में जान गंवाने लोग वाले लोगों की संख्या पिछले वर्ष से कहीं अधिक हो जाएगी। याद दिलाना होगा कि साल 2023 में वन्य जीव हमले में उत्तराखंड के में 66 लोगों की मौत हुई थी और 325 लोग घायल हुए थे ।वही पिछले वर्ष की तुलना में अभी तक राज्य में तकरीबन 44 लोग वन्य जीव हमलों में अपना जीवन खो चुके हैं और लगभग दो सैकड़ा लोग घायल भी हो चुके हैं।

## मंदिरों में मां चन्द्रघंटा की पूजा करने उमड़े श्रद्धालु



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शारदीय नवरात्र पर्व के तीसरे दिन पर आज नगर एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी मंदिरों में मां चन्द्रघंटा की पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं भीड़ उमड़ पड़ी। उन्होंने मां चन्द्रघंटा की विधि विधान से पूजा अर्चना मां को नारियल, चुनरी, ध्वज, पान, सुपारी, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती, मेवा इत्यादि अर्पित की और परिवार व समाज के लिए सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मंदिरों को रोशनी एवं फूलमालाओं से भव्य रूप से सजाया गया है। अनेंक मंदिरों में कई धार्मिक आयोजन भी आयोजित किये जा रहे है। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मां दुर्गा मंदिर, मंदिर मनकामेश्वर, श्री अटरिया देवी मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री चौरासी घंटा मंदिर, श्री शिव मंदिर सहित ट्रांजिट कैम्प, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, खेड़ा, रम्पुरा, पहाड़गंज, भदईपुरा, भूतबंगला, सिंह कालोनी, आवास विकास, जगतपुरा, मुखर्जीनगर, ईश्वर कालोनी, आदर्श कालोनी, वैशाली कालोनी, भूरारानी, फुलसुंगा फुलसुंगी, दानपुर, महाराजपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, फ्रेंड्स कालोनी, मटकोटा, ओमैक्स कालोनी, मैट्रोपोलिस कालोनी, सैनिक फार्म आदि स्थानों पर सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए आज भी भक्तों का तांता लगा रहा।

## छतरपुर ओमेक्स रेलवे अंडरपास निर्माण कार्य हुआ प्रारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। छतरपुर ओमेक्स रेलवे अंडरपास निर्माण कार्य को प्रशासन द्वारा हरी झंडी मिलने पर नगर निगम के निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह एवं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान एवं ठाकुर जगदीश सिंह के नेतृत्व में ग्राम वासियों के साथ पहुंच कर छोटी कन्या नन्दनी से नारियल तुड़वाकर अंडरपास निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। अंडरपास निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के लिए वर्षों से संघर्ष कर रहे ठाकुर जगदीश सिंह, ज्ञान सिंह चौहान, देवेन्द्र सिंह बामल, केशव शर्मा, अनिल रावत, हीरा बल्लभ पाण्डेय को मिठाई खिलाकर, फूल मालाओं से सम्मानित किया। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छतरपुर ओमेक्स रेलवे अंडरपास निर्माण कार्य के लिए पिछले दिनों मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद अजय भट्ट एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से मुलाकात कर



क्षेत्रवासियों की रेलवे अंडरपास खुलवाने की वर्षो पुरानी मांग को लेकर ज्ञापन देते हुए विस्तृत रूप से चर्चा की गई थी। जिस पर आज ठेकेदार द्वारा बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा अंडरपास निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए अनुमति मिल गई है जिसका आज जेसीबी मशीन लगाकर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने बताया कि जब वह भूरारनी के ग्राम प्रधान थे तब से इस रेलवे अंडरपास की मांग को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे थे यह एक जनहित का मुद्दा है लगभग तीस हजार लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं और शीघ्र ही रेलवे अंडरपास का काम शुरू होना अति आवश्यक था यह हमारी केंद्र सरकार की उपलब्धि है। ठाकुर जगदीश सिंह ने बताया कि छतरपुर रोड से नैनीताल रोड को जोड़ने वाला अहम मार्ग है। इसके आस पास करीबन दर्जनों से अधिक गांव है मार्ग ना होने से करीब तीस हजार की आबादी हर रोज प्रभावित हो रही है ऐसे में अंडरपास ना होने से काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। तमाम साइकिल व बाइक सवार जान जोखिम में डालकर ट्रैक के ऊपर से गुजरते हैं। अंडरपास निर्माण कार्य होने से रुद्रपुर शहर को भी जाम की स्थिति से निजात मिलेगा आसपास रहने वाले हजारों लोगों को जिन्होंने किसी न किसी काम से सिडकुल, जिला चिकित्सालय, विकास भवन, स्पोर्ट्स स्टेडियम, पुलिस लाइन अटरिया मन्दिर रोड, पंतनगर हवाई अड्डा, हल्द्वानी आदि आने जाने के लिए इस मार्ग का इस्तेमाल कर सकेंगे जिससे सबका आवागमन सुगम हो सकेगा इस अंडरपास की मांग सभी ग्रामवासी 2007 से लगातार कर रहे थे।। ज्ञान सिंह चौहान, देवेन्द्र सिंह बामल, केशव शर्मा, बलदेव राज छाबड़ा अनिल रावत ने भी प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मातृशक्ति और युवा शक्ति की अंडरपास खुलवाने में मुख्य भूमिका निभाई है। इस अवसर पर सत्येंद्र शर्मा, अजय चौहान, सुनील कुमार, राजेश शर्मा, सुशील चौहान, अनुज पाठक, बबलू सागर, गौरव राजपूत, विक्की सैनी, प्रशांत सिंह गुप्ता, धर्मेंद्र राणा, प्रशांत सिंह , दुर्गाशरण बाजपेई ,विजय वाजपई, बिनय शर्मा ,आदेश कुमार, अक्षय गहलोत, दीपक गोस्वामी, रघु राज रावत अमित कालड़ा आदि लोग मौजूद थे।

